●वर्ष : 16 ●अंक : 116 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 14 अगस्त 2024

## संक्षिप्त समाचार

### 'हमारी मांगें अधूरी हैं,' स्वास्थ्य सुरक्षा पर डॉक्टरों ने उठाए सवाल कहा- वापस नहीं होगी हड़ताल

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप के बाद हत्या के मामले को लेकर बवाल जारी है। इसके मद्देनजर कन्नौज में रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन फेडरेशन ऑफ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने देशव्यापी हड़ताल का एलान किया था। जिसको लेकर कन्नौज के राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अब फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का इसको लेकर बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, केंद्रीय स्वास्थ्य देखभाल संरक्षण अधिनियम पर कोई आश्वासन नहीं मिला, कोई कॉल-ऑफ नहीं। हमारी मांगें अभी भी अधूरी हैं। जब तक उनकी बात पूरी तरह से मान नहीं ली जाती, हम हड़ताल जारी रखेंगे। उनका ये बयान स्वास्थ्य मंत्रायल की तरफ से केंद्र सरकार की एडवाइजरी जारी करने के बाद आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के निदेशों के अनुसार, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने सुरक्षित कार्यस्थल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सभी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों के लिए एक सलाह जारी की है। एडवाइजरी में डॉक्टरों की सुरक्षा, पुलिस एफआईआर, हिंसा की तुरंत जांच से लेकर एनएमसी को घटना की रिपोर्ट भेजने की बात कही गई है।

# हाथ मिल गए, दिल नहीं! क्या बीजेपी से नाराज हैं नीतीश कुमार?

### लंबी खामोशी के पीछे की क्या है वजह

नूना न्यूज एजेंसी

**बिहार।** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हाल में देखें तो पूरी तरीके से चुप नजर आ रहे हैं। उनके सार्वजनिक कार्यक्रम भी बहुत ज्यादा नहीं दिखाई दे रहे हैं। हाल के दिनों में वह दो दिन पटना के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर थे जहां बाढ़ का पानी आया हुआ है। हालांकि उन्होंने पूरी तरीके से मीडिया से दूरी बना रखी है। मीडिया में नीतीश कुमार का बड़ा बयान बजट के दिन आया था जब उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। हालांकि, उसमें भी बहुत ज्यादा उत्साह नहीं दिखा था। ऐसे में नीतीश कुमार की खामोशी कुछ ना कुछ संदेश और संकेत देने की कोशिश कर रही है। लेकिन नीतीश की खामोशी की असली वजह क्या है, इसको समझने की कोशिश कर रहे हैं।



### ›› वक्फ बोर्ड बिल नहीं आ रहा रास

केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक शायद नीतीश कुमार को बहुत ज्यादा पसंद नहीं आ रहा है। भले ही वह भाजपा के साथ गठबंधन में हैं। लेकिन उन्होंने मुस्लिम वोटो की उम्मीद नहीं छोड़ी है। शायद इसी वजह से वह लगातार मुस्लिम वोटो को साधने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में वक्फ बोर्ड को लेकर जो केंद्र सरकार द्वारा बिल लाया गया है, वह नीतीश को असहज कर रहा है। पार्टी के मुस्लिम नेता भी इसके खिलाफ बोल रहे हैं। भले ही गठबंधन धर्म को निभाते हुए संसद में जदयू के ललन सिंह ने इसके पक्ष में जबरदस्त तरीके से हुंकार भरी। लेकिन कहीं ना कहीं जदयू इस बात पर अपनी खुशी दिख रही है कि यह मामला जेपीसी के पास चला गया। नीतीश कुमार को लगता है कि इस तरह के बिल की वजह से उनके अल्पसंख्यक वोट खिसक सकते हैं।

### ›› जनगणना और आरक्षण

नीतीश कुमार लगातार जातीय जनगणना कराने के पक्ष में है। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से इस पर कोई बड़ा कदम अब तक नहीं उठाया गया है। इसके अलावा उन्होंने बिहार में जातिगत जनगणना कराकर उसी हिसाब से आरक्षण देने का भी काम किया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण बढ़ाने का मामला अटक गया। ऐसे में नीतीश कुमार को इसका श्रेय नहीं मिल रहा है। साथ ही साथ केंद्र सरकार से इस मामले को लेकर उन्हें समर्थन भी नहीं मिल रहा है। कोट में कोटा आरक्षण को लेकर नीतीश कुमार शुरू से इसके बड़े पक्षधर रहे हैं। हालांकि उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया जब दलित सब कोटा फैसले को लागू करने से केंद्र सरकार ने इनकार कर दिया। शायद इस वजह से भी नीतीश बहुत खुश नहीं है।

### ›› प्रशांत किशोर फैक्टर

प्रशांत किशोर का मामला भी नीतीश कुमार को बहुत परेशान कर रहा है। प्रशांत किशोर लालू यादव और तेजस्वी यादव पर तो हमलावर रहते ही हैं, नीतीश कुमार पर भी निशाना साधने का मौका नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि, प्रशांत किशोर भाजपा पर उस तरीके से हमलावर नहीं दिख रहे हैं। आरजेडी तो लगातार प्रशांत किशोर को बीजेपी की बी टीम बता रही है। वहीं, प्रशांत किशोर की गतिविधियों को लेकर भाजपा ने भी रहस्यमय चुप्पी साध रखी हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं यह नीतीश कुमार को परेशान कर रहा है। नीतीश कुमार के लिए परेशानी इसलिए और बढ़ गई है क्योंकि प्रशांत किशोर ने 40% महिलाओं को टिकट देने का ऐलान किया है। महिलाओं का वोट बैंक पूरी तरीके से नीतीश कुमार के साथ रहा है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब

चीन की कटपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान निशान इजुद्दीन से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरूआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# दिल्ली में बाढ़ का खतरा! लगातार बढ़ रहा यमुना का जलस्तर

### जानें केजरीवाल सरकार की तैयारी

नूना न्यूज एजेंसी

**हरियाणा।** के हथिनीकुंड बैराज से नदी में पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है। दिल्ली के सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को स्थिति का जायजा लिया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हथिनी कुंड बैराज से करीब 13,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। ओल्ड दिल्ली ब्रिज पर जलस्तर 204 के आसपास है। यह चेतावनी स्तर के करीब है और जल्द ही यह चेतावनी स्तर तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि मैंने सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ स्थिति का निरीक्षण किया है। दिल्ली के मंत्री ने आगे कहा कि हमने लोगों से यमुना नदी से दूर रहने को कहा है। पहले चेतावनी स्तर होता है और फिर खतरे का स्तर होता है। जब यह खतरे के स्तर पर पहुंच जाता है, तो बचाव और निकासी की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और हमने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कदम उठाए हैं। हरियाणा से करीब 13,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इन्हीं सभी तैयारियों का बाढ़ नियंत्रण विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। यमुना के किनारे रहने वाले लोगों को अभी बेहद सावधान रहने की जरुरत है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को छिटपुट बारिश हुई, जिसके कारण तापमान में गिरावट आई और शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव के चलते यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार सफदरजंग वेधशाला ने सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक 12.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। लोधी रोड पर 13.6 मिलीमीटर, पालम पर 10.5 मिलीमीटर और नजफगढ़ में 30 मिमी बारिश हुई।

# नितिन गडकरी की चिट्ठी का भगवंत मान दिया जवाब

### बोले- ठेकेदारों की गलतियों की वजह से पैदा होते हैं ऐसे हालात

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परियोजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पंजाब के मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी का जवाब सीएम भगवंत मान अब दिया है। उन्होंने नितिन गडकरी को पत्र लिखकर किसानों को उनकी जमीन का उचित दाम देने की मांग की। उन्होंने पत्र में लिखा कि खेती पंजाबियों का मुख्य व्यवसाय है। पंजाब में जमीन किसानों की मां के समान है। उन्होंने आगे लिखा कि पंजाब सरकार के अधिकारी एनएचएआई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए किसानों के साथ बैठक कर रहे हैं। भगवंत मान ने लिखा कि आपके द्वारा संदर्भित दोनों मामलों में, स्थानीय पुलिस ने कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत तुरंत एफआईआर दर्ज की। इसके अलावा, इन दोनों मामलों में गिरफ्तारियां भी की गई हैं। हालांकि, जांच में पाया गया है कि एक घटना एनएचएआई रियायतग्राही/ठेकेदार द्वारा भूमि की अत्यधिक खुदाई का परिणाम थी। दूसरी घटना रियायतग्राही/ठेकेदार द्वारा अपने उप-ठेकेदार को वित्तीय बकाया का भुगतान न करने का परिणाम थी। उन्होंने आगे लिखा कि इस प्रकार, दोनों मामले रियायतकर्ता/ठेकेदार के कारण उत्पन्न हुए। जहाँ तक भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुद्दों का सवाल है, आपको यह समझना चाहिए कि राज्य के किसान अपनी जमीन से बहुत जुड़े हुए हैं, क्योंकि यह उनकी बेशकीमती संपत्ति है, जो उनकी आजीविका का मुख्य स्रोत है। इसके अलावा, पंजाब में जमीन की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। हमारे किसान अपनी जमीन छोड़ने के लिए अनिच्छुक हैं, अगर उन्हें लगता है कि मुआवजा पर्याप्त नहीं है। इससे पहले केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को एक सख्त पत्र लिखा है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने पर राज्य में लगभग 14,288 करोड़ रुपये की आठ प्रमुख राजमार्ग परियोजनाएं रद्द कर दी जाएंगी। राज्य में सुधार नहीं होता। यह पत्र दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के चल रहे निर्माण में शामिल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के श्रमिकों की हिंसा और धमकी की रिपोर्टों के बाद आया है। जालंधर जिले में एक घटना में ठेकेदार के इंजीनियर के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। हालांकि इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है, लेकिन अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।



### सतर्क हो जाएं! नमक और चीनी में पाए गए खतरनाक माइक्रोप्लास्टिक, रिसर्च में खुलासा

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में बिकने वाले नमक और चीनी के सभी ब्रांडों में खतरनाक माइक्रोप्लास्टिक मिले हैं। मंगलवार को प्रकाशित अध्ययन में यह दावा किया गया है। पर्यावरण अनुसंधान संगठन टाक्सिक्स लिंक द्वारा किए गए 'नमक और चीनी में माइक्रोप्लास्टिक' शीर्षक वाले अध्ययन में 10 प्रकार के नमक - जिसमें सेंधा नमक, समुद्री नमक और स्थानीय कच्चा नमक शामिल थे। अध्ययन में ऑनलाइन तथा स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी का भी परीक्षण किया गया। अध्ययन में नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला, जो फाइबर, छर्रे, टुकड़ों सहित विभिन्न रूपों में मौजूद थे। इन माइक्रोप्लास्टिक का आकार 0.1 मिमी से लेकर 5 मिमी तक था। आयोडीन युक्त नमक में बहुरंगी पतले रेशों और फिल्मों के रूप में अध्यधिक माइक्रोप्लास्टिक पाए गए। 'टाक्सिक्स लिंक' के एसोसिएट निदेशक सतीश सिन्हा ने कहा, हमारे अध्ययन में नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की अच्छी खासी मात्रा का पाया जाना चिंताजनक है। मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोप्लास्टिक के स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में तत्काल और व्यापक अनुसंधान की जरूरत है। माइक्रोप्लास्टिक स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# कॉग्निजेंट ने मप्र में कदम रखा

### मुख्यमंत्री ने इंदौर में कंपनी के केंद्र का उद्घाटन किया

नूना न्यूज एजेंसी




**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** तकनीकी और व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने वाली वैश्विक कंपनी कॉग्निजेंट ने भारत में अपना विस्तार करते हुए मंगलवार को मध्यप्रदेश में पहला कदम रखने की घोषणा की। कंपनी ने सूबे की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में 46,000 वर्ग फुट में फैले अपने नवीनतम केंद्र की औपचारिक शुरूआत की। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस केंद्र का उद्घाटन किया। यादव ने उद्घाटन समारोह में कहा, 21 वीं शताब्दी बौद्धिक संपदा की सदी है जो सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) के आधार पर दुनिया में अपनी पहचान बनाएगी। उन्होंने कहा कि अपनी बौद्धिक क्षमता के कारण भारत की विश्व भर में सदियों से बड़ी पहचान रही है और देश में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बौद्धिक संपदा को प्रोत्साहित करना समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा कि इंदौर ने कॉग्निजेंट के जरिये रोजगार के 1,500 से ज्यादा अवसरों की शुरूआत होने जा रही है और भविष्य में इनकी तादाद 20,000 तक पहुंच सकती है। उद्घाटन समारोह में कॉग्निजेंट के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं कॉग्निजेंट अमेरिका के अध्यक्ष सूर्या गुम्मादी भी मौजूद थे। कॉग्निजेंट की ओर से जारी बयान में बताया गया कि कंपनी के इंदौर के केंद्र में वैसे तो 500 लोगों के बैठने की क्षमता है, लेकिन हाइब्रिड मॉडल के चलते इसमें 1,250 कर्मचारी काम कर सकते हैं। बयान में बताया गया कि इंदौर से पहले कॉग्निजेंट बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता, मेंगलुरु, मुंबई और पुणे में भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा चुकी है।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भरोसे 2047 तक ग्लोबल पावर बनेगा भारत

**नई दिल्ली।** देश के राजनीतिक नेतृत्व ने 2047 तक विकसित भारत के विजन को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। इस विजन को मिशन में बदलना और अभी से लक्ष्य निर्धारित करना रक्षा मंत्रालय का काम है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। भारत सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। देश में रक्षा उपकरणों का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं रक्षा उपकरणों के निर्यात के लिए भी तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। वित्त वर्ष यानी 2022 में हमने कुल 15,920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों के निर्यात का रिकॉर्ड हासिल किया है। हम अपने आप को अंतरराष्ट्रीय हथियार बाजार में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के तौर पर स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# यूपी विधानसभा उप चुनाव में जिम्मेदारी से पीछे हटे राहुल गांधी

नूना न्यूज एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस की जड़े मजबूत करने में लगे राहुल गांधी ने एक बार फिर दिखा दिया है कि उनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। संभव इसीलिये उन्होंने राज्य की 10 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के सभी पांच सांसदों को तो अलग-अगल विधान सभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंप दी, लेकिन राहुल गांधी ने अपने कंधों पर कोई जिम्मेदारी नहीं ली। गौरतलब हो, विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस दस सीटों में से पांच पर स्वयं चुनाव लड़ना चाहती है और पांच सीटें समाजवादी पार्टी के लिये उसने छोड़ने का मन बनाया है। इसी के अनुसार कांग्रेस आलाकमान ने पांच सीटों पर अपने सांसदों की पर्यवेक्षकों के रूप में नियुक्ति कर दी है। इसी के तहत अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा को सीसामऊ, सांसद इमरान मसूद को मीरापुर, सांसद राकेश राठौर को कुन्दरकी, सांसद तनुज पुनिया को गाजियाबाद व सांसद उज्जवल रमन सिंह को फूलपुर का पर्यवेक्षक बनाया गया है। जबकि राहुल गांधी चाहते तो फूलपुर विधान सभा क्षेत्र की जिम्मेदारी स्वयं भी संभाल सकते थे। फूलपुर वह सीट है जहां से उनके पर नाना पंडित जवाहर लाल नेहरू सांसद रह चुके थे। इसी वजह से कांग्रेस आलाकमान ने समाजवादी पार्टी से फूलपुर की सीट की महत्ता को देखते हुए यहां से अपनी पार्टी के लिये समाजवादी पार्टी के सामने दावेदारी पेश की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस भी इस बात का कोई जबाव नहीं दे पा रहा है कि उप चुनाव में राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा कौन सभी भूमिका निभायेगें। बात यहीं तक सीमित नहीं है। भले ही राहुल गांधी ने वॉयनाड सीट छोड़कर रायबरेली से अपनी सांसदी तय कर ली है, लेकिन यूपी को लेकर राहुल गांधी के दिल की दूरियां कम नहीं हो पा रही हैं। अभी भी उनकी यूपी में कोई सक्रियता नहीं दिखाई दे रही है। वह रायबरेली तक तो फिर भी कभी कधार आ जाते हैं,लेकिन इससे बाहर यूपी में कहीं नहीं दिखाई पड़ते हैं। खैर, कांग्रेस आलाकमान ने जहां अपने पांच सांसदों के ऊपर उप चुनाव की जिम्मेदारी डाली है वहीं विधायक को भी फ्री नहीं छोड़ा है। इसी क्रम में कांग्रेस ने विधायक वीरेन्द्र चौधरी को मझवां, नसीमुद्दीन सिद्दीकी को कटेहरी, अखिलेश प्रताप सिंह को मिल्कीपुर, राजकुमार रावत को खैर व रामनाथ सिकरवार को करहल का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले समाजवादी पार्टी भी छह विधानसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर चुकी है।

# कोल्हापुर की सभी सीटों पर कांग्रेस के सामने आगामी विधानसभा चुनावों में होगी गढ़ बचाने की चुनौती

नूना न्यूज एजेंसी

**महाराष्ट्र।** की राजनीति में कांग्रेस के दबदबे वाली सीट कोल्हापुर एक प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है। जहां से कांग्रेस के छत्रपति शाहू महाराज पिछले चुनाव में सांसद चुने गए थे। इसके पहले यह सीट शिवसेना के कब्जे में थी। कोल्हापुर क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास की गवाही यहाँ का पनहला किला देता है। इस किले की शांति और प्राकृतिक खूबसूरती के कारण भारत समेत पूरी दुनिया भर से पर्यटक इसकी ओर खिंचे चले आते हैं। राजा भोज ने इस किले का निर्माण 1052 ईस्वी में करवाया था। इसके बाद यह क्षेत्र 1782 तक पनहला की रानी ताराबाई के राज्य की राजधानी भी रहा। यहाँ पशु-पक्षियों की सुरक्षा के लिए बना दाजीपुर बिसन सेंचुरी भी पर्यटकों की पसंदीदा जगह में से एक है। इस क्षेत्र की कोल्हापुरी हस्तशिल्प पूरे देश में प्रसिद्ध है। इसके अलावा कोल्हापुरी चप्पल के कारण भी देश और दुनिया में यह क्षेत्र अपना एक अलग स्थान रखता है। कोल्हापुर संसदीय क्षेत्र का प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शिवाजी विश्वविद्यालय है। कोल्हापुर लोक सभा कोल्हापुर जिले की चांदगढ़, राधा नगरी, कागल, कोल्हापुर दक्षिण, करवीर और कोल्हापुर उत्तर विधानसभाओं को मिलकर बना है। चांदगढ़ महाराष्ट्र विधानसभा की एक प्रमुख विधानसभा सीट है। देश में हुए प्रथम आम चुनाव के दौरान 1952 से ही निर्वाचन क्षेत्र बना, चांदगढ़ विधानसभा सीट पर पहले कांग्रेस और अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अपनी पकड़ मजबूत बना रखी है। वर्तमान में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राजेश नरसिंह राव पाटिल यहां के विधायक हैं। पिछले दो चुनावों में भी एनसीपी के ही बाबासाहेब कुपेकर और संध्या देवी कुपेकर यहां से विधायक चुनी गई थीं। इस लोकसभा क्षेत्र की दूसरी प्रमुख विधानसभा की सीट राधा नगरी है। जहां से शिवसेना (शिंदे गुट) के प्रकाश आबिटकर वर्तमान विधायक हैं। उन्होंने यह सीट 2014 के विधानसभा चुनावों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कृष्ण राव पाटिल से छीनी थी। महाराष्ट्र राज्य की विधानसभा में 273 नंबर सीट वाली कागल विधानसभा क्षेत्र राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गढ़ के रूप में जानी जाती है। यह सीट पूरी तरह से कोल्हापुर जिले के अंतर्गत ही आती है। एनसीपी के हसन मुसरिफ लगभग 25 साल से लगातार विधायक बने हुए हैं। उन्हें एकनाथ शिंदे की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी बनाया गया है। वर्तमान में वे मेडिकल शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एनसीपी से पहले यहां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सबसे मजबूत पार्टी थी। इन दोनों पार्टियों के अलावा कोई तीसरी पार्टी इस क्षेत्र में अब तक अपना खाता खोलने में असफल रही है। पूर्व दिग्गज कांग्रेसी दिग्विजय भाऊसाहेब खानविकर के कारण महाराष्ट्र में प्रसिद्ध करवीर विधानसभा सीट कोल्हापुर जिले के अंतर्गत ही आती है। 1972 से अस्तित्व में आने के बाद से 1999 तक इस क्षेत्र के मतदाताओं ने हमेशा से कांग्रेस पार्टी पर अपना भरोसा जताया था। जिसके चलते लगातार पांच बार दिग्विजय भाऊसाहेब खानविकार विधायक रहे थे। 1999 में वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के टिकट पर विधानसभा पहुंचे थे। वर्तमान में सीट का प्रतिनिधित्व कांग्रेस के पीएन पाटिल कर रहे हैं। वे महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भी हैं। लोकसभा क्षेत्र कोल्हापुर के तहत आने वाली कोल्हापुर उत्तर विधानसभा सीट 2009 के चुनाव में अस्तित्व में आयी है।



CMYK

# मुख्यमंत्री ने ली जयपुर के लिए आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

## भारी बारिश से उत्पन्न हुई स्थिति के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी करें मौका-मुआयना

>> जयपुर के लिए ड्रेनेज तथा सीवरेज का बनाएं मास्टर प्लान
- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा
- मौका-मुआयना कर अधिकारी भिजवाएं मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रगति रिपोर्ट
- शहर की साफ-सफाई, ड्रेनेज, जल भराव, बिजली के खुले तारों सहित अनेक पहलुओं पर की समीक्षा



**जयपुर, 13 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को गत कुछ दिनों में जयपुर में हुई भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री निवास पर उच्चाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारी बारिश से जयपुर शहर की साफ-सफाई, ड्रेनेज, सीवरेज, क्षतिग्रस्त सड़कों सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जयपुर शहर का दौरा करें तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में इसकी प्रगति रिपोर्ट भिजवायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रभावित इलाकों में लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई जाये तथा बचाव एवं राहत कार्यों में संवेदनशीलता के साथ काम करें। श्री शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों एवं ड्रेनेज सिस्टम की नियमित सफाई की जाए ताकि बारिश के समय उनमें अवरोध ना उत्पन्न हो। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों पर हो रहे अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाए। उन्होंने बैठक में स्पष्ट कहा कि अपनी जिम्मेदारी से कोताही बरतने वाले प्रत्येक कार्मिक पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

# ब्लूसाइन ने वस्त्र उद्योग के लिए इनोवेटिव ई-लर्निंग कोर्स किया लॉन्च




**नोएडा।** 14 अगस्त 2024 अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (AMHSSC)ने ब्लूसाइन के सहयोग से "फाउंडेशन टू अपैरल सस्टेनेबिलिटी" ई-लर्निंग कोर्स लॉन्च किया। यह समापन कार्यक्रम,जो तिरुप्पुर से शुरू हुआ था,भारत के परिधान और कपड़ा क्षेत्र में स्थायी और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग है। यह समारोह नोएडा के रेडिसन ब्लू एमबीडी होटल में आयोजित किया गया।भारत का वस्त्र और परिधान उद्योग राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार है,जो जीडीपी के लगभग 2% और विनिर्माण उत्पादन के 18% के लिए जिम्मेदार है। यह क्षेत्र सीधे तौर पर 45 मिलियन लोगों को रोजगार देता है और संबंधित उद्योगों में 60 मिलियन से ज्यादा लोगों को समर्थन देता है। विश्व के 5वें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में, भारत की भूमिका इस क्षेत्र में सतत विकास की आवश्यकता को उजागर करती है। इस कार्यक्रम में उद्योग के प्रमुख लीडर्स ने भाग लिया।

# अमेजन रक्षा बंधन स्टोर के शानदार उपहार के साथ भाई-बहन के उत्सव का जश्न मनाएं

फरीदाबाद, अगस्त : इस रक्षा बंधन पर, अमेजन. इन ने अपने पावर्ड बाई कैडबरी रक्षा बंधन स्टोर के साथ भाई-बहन के इस त्योहार को और भी खास बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, जो 20 अगस्त तक लाइव रहेगा। इस स्टोर से ग्राहक भाई-बहन के लिए प्यारे बेशुमार उपहारों से अपना उपहार चुन सकते हैं। आप चाहे फैशन के मुरीद हों, खाने के शौक रखते हों या तकनीक के दीवाने हों, यहां आपके लिए लिंड्ट, इंस्टामैक्स, टाइटन, गिवा, नॉइज, किमिरिका जैसे प्रीमियम ब्रांडों की बेहतरीन डील उपलब्ध है। अमेजन. इन के विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पादों में हैम्पर्स एवं कॉम्बो सेट, डिजाइनर राखियां, प्रीमियम ग्रूमिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, परिधान, स्किन केयर उत्पाद, ग्रोसरी और अन्य ढेर सारे उत्पाद शामिल है। उत्कृष्ट उपहार की चाह रखने वाले ग्राहकों के लिए, अमेजन. इन के 'भारत में पहले' एनिमेटेड गिफ्ट कार्ड एक अनोखा समाधान प्रदान करते हैं जो किसी को भी पसंद आ सकता है।

# दिल्ली स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम का उदघाटन

नई दिल्ली, अगस्त : दिल्ली स्कूल ऑफ कम्यूनिकेशन (डीएससी) ने लोधी रोड स्थित एलायंस फ्रांसेइस डे ऑडिटोरियम दिल्ली में आयोजित एक समारोह में 30वें पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम में डॉ. सर्वेश तिवारी, अध्यक्ष - पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी, दिल्ली और संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक -पीआर प्रोफेशनल्स य सुश्री खुशबू मेहरा, एवीपी -कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन, जोमैटो की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया।

डा. तिवारी ने संचार में बदलाव पर अमूल्य अंर्तदृष्टि साझा करते हुए कहा कि आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में अपने मूल्यों पर अडिग रहना बहुत जरूरी है। एक अच्छा इंसान बनना और मानवता का सम्मान करना हमें हर काम में आगे बढ़ाता है और यही विश्वास हमें संचार पेशेवरों के रूप में, सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देता है।

# कंट्रोलजैड ने अपनी वेबसाइट पर रिन्यूड डिवाइस लॉन्च किया

नई दिल्ली, अगस्त : प्री-ओन्ड स्मार्टफोन इंडस्ट्री में खास मुकाम बना चुकी कम्पनी कंट्रोलजैड ने अपनी वेबसाइट पर नया प्रीमियम रिन्यूड डिवाइस आईफोन 14 लॉन्च किया है। नई पेशकश से उत्साहित ब्रांड का लक्ष्य लोगों को टेक्नोलॉजी का नेक्स्ट लेवल देना है। स्लीक डिजाइन में पेश प्रोडक्ट के कई एडवांस फीचर हैं। कुल मिला कर यूजर को बहुत बेहतर अनुभव मिलने वाला है। रिन्यूड आईफोन 14 की कीमत सिर्फ 41,399 रुपये से शुरू होती है। स्टोरेज के तीन आप्शन उपलब्ध हैं - 128जीबी, 256 जीबी और 512 जीबी है। इस तरह ग्राहकों की भारी बचत होने वाली है। उन्हें कलर के भी कई आप्शन मिलेंगे जैसे ब्लू, पर्पल, मिडनाइट, रेड और येलो। तो आप अपनी पसंद से कलर चुन सकते हैं।



'हर घर तिरंगा' के तहत, स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मौके पर प्रत्येक भारतीय से अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया जाता है, जिसमें भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पूर्वी दिल्ली लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा व बड़ी संख्या में युवा वर्ग में हिस्सा लिया।

# दिल्ली में लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट का आयोजन, उद्योग जगत के प्रमुख शामिल हुए

नई दिल्ली, अगस्त : बहुप्रतीक्षित लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट और अवाड्र्स 2024 आज नई दिल्ली के होटल हयात रीजेंसी में आयोजित कियागया। इसमें उद्योग जगत के प्रमुख व्यक्ति और विशेषज्ञ शामिल हुए। सभी नेलॉजिस्टिक सेक्टर की उन्नति को बढ़ावा देने के लिए नए विचार प्रस्तुत किएऔर विकसित भारत 2047 मिशन को प्राप्त करने की क्षमता पर चर्चा की।मीडिया और मिलियन माइंड्स मैनेजमेंट कंसल्टेंसी द्वारा आयोजितइस महत्वपूर्ण समिट में उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता और प्रमुख स्टेकहोल्डर भारत में लॉजिस्टिक्स के भविष्य पर चर्चा करने और उसे नयारूप देने के लिए एक साथ आए।

उद्घाटन सेशन वर्तमान लॉजिस्टिक्स लैंडस्केप और विकसित भारत पर केंद्रितथा। मुख्य भाषणों में देश के डायनामिक लॉजिस्टिक्स इको सिस्टम, बाजारके रुझान और डिजिटल परिवर्तन लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। गणमान्यव्यक्तियों ने 2027-28 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्थाबनाने और 2047 तक डिजिटल रूप से एडवांस्ड, इको फ्रेंडली लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को स्थापित करने में टिकाऊपन, सहयोग और नीतिगत पहलों के महत्व पर जोर दिया।

# बम्बल और जेप्टो ने प्लानिंग को आसान बनाने के लिए साझेदारी की

नई दिल्ली, अगस्त : नई ओपनिंग मूव्स फीचर के साथ बातचीत की शुरूआत कर रहे हों या घर पर कॉकटेल के लिए बर्फ का ऑर्डर दे रहे हों। नई दिल्ली, महिलाओं की पहली पसंद डेटिंग ऐप बम्बल ने जेप्टो, भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कंज्यूमर इंटरनेट कंपनी के साथ एक नई साझेदारी की है ताकि सिंगल्स को डेट के लिए तैयार होने में मदद मिल सके। बम्बल इंक की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस डायरेक्टर, लुसिल मैककार्ट ने कहा, 'हम इस मॉनसून सीजन में डेट की तैयारी और योजना को और आसान बनाने के लिए जेप्टो के साथ साझेदारी करने को लेकर उत्साहित हैं। पहली या अन्य डेट की योजना बनाना जितना दिखता है उससे कहीं अधिक कठिन हो सकता है - आपके आउटफिट्स से लेकर कौन से गिफ्ट्स लाने हैं, एक त्वरित मौसम बदलाव आपके योजनाओं को खराब कर सकता है।'




एम्स के डॉक्टर प्रोटेस्ट मार्च करते हुए। (सईद अहमद)

# युवती की हत्या के मामले में आरोपी काबू

## शादी का झांसा देकर अगवा कर की थी हत्या

कैथल, अगस्त : शादी का झांसा देकर युवती को अपने साथ भगाकर हत्या करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना तितरम अंतर्गत के एक गांव निवासी युवक की शिकायत के अनुसार 3 अगस्त को उसकी बहन गांव में ही कपड़े लेने गई थी जो वापिस घर नहीं लौटी। शिकायत के अनुसार गांव का ही लडका अजय उसकी बहन को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया। इस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि उक्त युवती का शव 9 अगस्त को नरवाना नहर ब्रांच नरवाना से बरामद हुआ। मामले में हत्या की धारा जोड़ते हुए जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एसआई शुभकर्ण सिंह की टीम द्वारा करते हुए अजय को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबुल किया कि उक्त युवती के साथ उसका प्रेम प्रसंग था। युवती उस पर शादी करने के लिए दबाव बना रही थी और वह शादी नहीं करना चाहता था। इसलिए उसने युवती को ठिकाने लगाने की सोची तथा 3 अगस्त को अपने साथ भगा ले गया। युवती को गांव हथो के पास नरवाना नहर ब्रांच पर ले जाकर नहर में धक्का दे दिया। आरोपी का सोमवार को न्यायालय से 1 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

# सोम नदी की पटरी तोड़न के आरोप में 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज


## सोम नदी की पटरी टूटने से हजारों एकड़ फसल हुई थी जलमग्न

यमुनानगर, अगस्त : बिलासपुर पुलिस ने गांव रूकाली के पास से सोम नदी की पटरी तोड़ने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला उपमंडल अधिकारी जल सेवा की शिकायत पर दर्ज किया है। ध्यान रहे की रविवार को सोम नदी की पटरी टूटने से हजारों एकड़ फसल जल मग्न हो गई थी। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार जल सेवा के उपमंडल अधिकारी सहदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव रूकाली के पास गांव के ही कुछ लोगों ने सोम नदी की पटरी तोड़ दी है। जिससे सोम नदी का पानी बाहर फसलों में घुस गया है। जिससे किसानों की फसलें व हरा चारा को नुकसान पहुंचा है। उसने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की तो जांच में सामने आया कि गांव के ही नन्हा, गुरदयाल, सलिंदर, अकेला, चुन्नीलाल, अमरचंद, ओमप्रकाश, परदीप, विजयपाल, छत्रपाल, कला व विजय ने सोम नदी की पटरी तोड़ी है। जब उसने आरोपियों से बात की तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 115, 190, 191 थ्री, 326 नाइन, 351 टू व 61 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# आरोपी प्रभजोत है नकली करंसी का मास्टर माइंड, रिमांड पर होगा खुलासा

यमुनानगर, अगस्त : नकली करेंसी बनाने के मामले में गिरफ्तार जिला अंबाला के गोला गांव निवासी प्रभजोत सिंह ही असली मास्टर माइंड है। वही नकली करेंसी की कंप्यूटर व प्रिंटर से छपाई करता था। पंचकूला के रायपुररानी निवासी अशोक कुमार व पीपलीवाला निवासी ओम सिंह का जिम्मा सप्लायर को तलाशना था। पुलिस तीनों से रिमांड के दौरान पूछताछ में यह पता लगाने में जुटी है कि उन्होंने नकली करेंसी की सप्लाई कहां-कहां की है। पुलिस की पूछताछ में यह भी सामने आया है कि पंचकूला के पीर मुछल्ला में जिस फ्लैट में नकली करेंसी की छपाई हो रही थी उसे अशोक व ओम सिंह ने ही खरीदा था। दोनों ने सप्लायर के माध्यम से राजस्थान में भी नकली करेंसी की सप्लाई की थी। परंतु दोनों आरोपियों को करेंसी सप्लाई करने वाले सप्लायर का नाम व पता मालूम नहीं है। जिस कारण उस तक पहुंचने में सीआईए-वन को काफी मशक्कत करनी पड़ रही हैइनके साथ दो अन्य आरोपियों के मिले होने की बात भी सामने आ रही है। जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों से अब तक नकली करेंसी के कुल 13 लाख 66 हजार रुपये बरामद किए जा चुके हैं। इनमें शाहरूख से 41200 रुपये अरूण से 50 हजार रुपये बरामद हुए थे। जबकि 12.75 लाख रुपये पंचकूला स्थित इनके फ्लैट से मिले थे। उल्लेखनीय है कि सीआईए-वन की टीम ने बलौली टी-प्वाइंट पर जाकर बाइक सवार हड़ौली निवासी अरुण उर्फ लूसी व लेदा खादर निवासी शाहरुख को नकली करेंसी के साथ पकड़ा था। अरुण पर पहले भी लूट व चोरी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हैं। वह जमानत पर बाहर आया हुआ है। शाहरुख 19 किलो डोडा चूरा पोस्त के साथ करीब 10 माह पहले पकड़ा गया था और वह भी जमानत पर बाहर आया हुआ है।

# मनीष सिसोदिया ने चांदनी चौक के एक मंदिर में पूजा-अर्चना की



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने श्रावण माह के सोमवार के पावन मौके पर चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उनके मन में किसी के प्रति कोई द्वेष नहीं है। कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद बीते शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए सिसोदिया भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए सोमवार सुबह गौरी शंकर मंदिर पहुंचे। सिसोदिया ने पीटीआई वीडियो से कहा, भगवान शिव प्रेम का प्रतीक हैं। जिनके हृदय में भगवान शिव का वास है, उनके हृदय में दूसरों के प्रति द्वेष भाव नहीं हो सकता। मैंने आशीर्वाद मांगा कि मुझे भी कण-कण में भगवान शिव ही दिखाई देते रहें। आप के प्रमुख नेता सिसोदिया ने जेल से बाहर आते ही अगले साल की शुरूआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वह दिल्ली के राजनीतिक हालात पर चर्चा करने के लिए सोमवार को पार्टी विधायकों के साथ बैठक करेंगे। सिसोदिया राष्ट्रीय राजधानी के लोगों से मिलने के लिए 14 अगस्त को पदयात्रा भी करेंगे।

# गुरुद्वारा राजौरी गार्डन में हैल्थ चैकअप कैंप




नई दिल्ली, अगस्तः गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राजौरी गार्डन में रोटरी क्लब के सहयोग से आंखों की जांच का कैंप और श्री बालाजी एक्शन मैडीकल इंस्टीच्यूट के सहयोग से स्पाइन हैल्थ चैकअप कैंप लगाया गया, जिसमें प्रख्यात डाक्टर्स की टीम ने आकर मरीजों की जांच कर उन्हें बिना किसी शुल्क के परामर्श भी दिया गया।

गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष हरमनजीत सिंह एवं महासचिव मनजीत सिंह खन्ना ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राजौरी गार्डन की समुची टीम की यह कोशिश रहती है कि संगत की हैल्थ को दुरुस्त रखा जाए जिसके लिए गुरुद्वारा साहिब में चल रही डिस्पैंसरी में संगत का बेहतर इलाज किया जाता है और डिस्पैंसरी के डाक्टरों के परामर्श पर संगत को दवाईयां भी निःशुल्क के मुहैया करवाई जाती हैं। इसके अतिरिक्त समय समय पर रोटरी क्लब एवं अन्य बड़े अस्पतालों के सहयोग से हैल्थ चैकअप कैंप भी लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में गुरुद्वारा साहिब स्पाईन हैल्थ चैकअप एवं आंखों की जांच का कैंप लगाया गया जिसमें बड़ी गिनती में संगत ने आकर अपनी हैल्थ जांच करवाई। कैंप लगाने में डिस्पैंसरी के चेयरमैन हरजीत सिंह राजा बख्शी, प्रीत प्रताप सिंह एवं सुपर स्पैशलिस्ट क्लीनिक के चेयरमैन अजीत सिंह मांगा का भी पूर्ण सहयोग रहा।

# चेतावनी निशान के करीब पहुंचा यमुना नदी का जलस्तर

## निचले हिस्से में बाढ़ की आशंका

**पुरानी दिल्ली।** रेल पुल पर यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार शाम तक चेतावनी के निशान को पार कर जाने की आशंका है। फिलहाल यह 204.35 मीटर पर बह रही है, जो चेतावनी के निशान 204.5 मीटर से थोड़ा नीचे है। पूवार्नुमान के अनुसार, आज शाम तक जलस्तर बढ़कर 204.9 मीटर हो जाने का अनुमान है। यमुना का उच्चतम जलस्तर 208.66 मीटर दर्ज किया गया है। अभी तक रेलवे की सेवाओं में किसी तरह की बाधा की सूचना नहीं है। रेलवे इंजीनियर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। स्वतंत्रता दिवस से पहले आज हो रही फुल ड्रेस रिहर्सल के मद्देनजर सुरक्षा उपाय के तौर पर पुलिस कर्मियों ने गश्त की। इस बीच, अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना और इसमें बहने वाले विभिन्न खुले नालों के किनारे 32 ऑनलाइन निगरानी स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है, ताकि अत्यधिक प्रदूषित नदी में प्रवेश करने वाले प्रदूषकों के बारे में वास्तविक समय के आंकड़े प्राप्त किए जा सकें। डीपीसीसी के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि इस वर्ष के अंत तक कुल 32 ओएलएमएस स्थापित किए जाने की उम्मीद है, जिनमें से 14 यमुना पर और 18 विभिन्न नालों पर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे नालों और नदी के स्थानों के पानी की गुणवत्ता पर वास्तविक समय का डेटा प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जिसे कमांड और कंट्रोल सेंटर में देखा जा सकता है। इससे स्थिति के बिगड़ने के स्थान और समय की आसानी से पहचान की जा सकती है। ओएमएलएस के प्रस्तावित स्थान पल्ला, आईएसबीटी पुल, आईटीओ पुल, निजामुद्दीन पुल, ओखला बैराज, नजफगढ़ नाला, मेटकाफ हाउस नाला, खैबर पास नाला, स्वीपर कॉलोनी नाला आदि हैं।

# स्कूली बच्चे और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर

**रिपोर्ट-जनार्दन श्रीवास्तव**

**पाली-(हरदोई)।** तहसील सवायजपुर क्षेत्र के अंतर्गत दो वर्ष पूर्व आई गंभीरी नदी में बाढ़ से दयालपुर व नाऊपुरवा के बीच पुलिया टूट जाने से स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के दयालपुर स्थित आर एन इण्टर कालेज में पढ़ने वाले बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर नाव से नदी पार कर स्कूल पहुंच रहे है। आपको बता दें कि बरसात के दिनों में स्कूल से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर बसे गांव नाऊ पुरवा, महताब पुरवा,परचौली, महदाइन के स्कूली बच्चे हर रोज नाव से नदी पार कर अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को विवश है। जानकारी मिलने पर एसडीएम सवायजपुर संजय कुमार अग्रहरि ने नाऊपुर पहुँच कर स्थिति का जायजा लिया। और उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए जल्द पुलिया निर्मित कराने का आश्वासन दिया। साथ ही एसडीएम संजय कुमार अग्रहरि ने दयालपुर में आर एन इण्टर कालेज का निरीक्षण करते हुये संबंधित प्रधानाचार्य को निर्देशित किया और कहा कि जो बच्चे नाऊपुर के प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते हैं उन्हें दयालपुर के प्राइमरी स्कूल में भेजा जाये और नाऊपुर से नाव से नदी पार कर दयालपुर आर एन इण्टर में पढ़ने वाले बच्चों को न भेजने के भी निर्देश दिए। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्मित कराने को लेकर जिम्मेदारों ने कई बार आश्वासन दिया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने एसडीएम सवायजपुर से सुरक्षा को लेकर टूटी पुलिया के पास पुलिस की तैनाती की मांग की है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी संजय कुमार अग्रहरि ने ग्राम चाऊपुर पहुँच कर प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए शहीद स्मारक पर पहुँच कर उनकी याद में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।साथ ही शहीद स्मारक परिसर में पौधरोपण कर पौधों को जल देने का भी पुण्य कार्य किया।





# सूचना देने के बाद भी मरणासन्न गौवंशीय पशुओं को गौशाला न भिजवाने के विरुद्ध किया प्रदर्शन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को क्षेत्र में पशुओं की हालत को देखकर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया बताते चले की मंगलवार को तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम पिपलौती खुर्द में निराश्रित घूम रहे गौवंशीय पशुओं में एक पशु की मृत्यु हो गई थी जिसका शव आबादी में रास्ते पर पड़ा हुआ था। तथा दूसरा इलाज एवं सरक्षण के अभाव में तड़प रहा था, तथा तीसरी गाय की टांग टूटी हुई थी। उसे भी इलाज एवं संरक्षण की जरूरत थी। किसी कार्य से ग्राम में पहुंचे भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने जब इन निराश्रित गोवंशीय पशुओं की हालत को देखा तो उन्होंने उप जिलाधिकारी हसनपुर को फोन पर सूचना दी, उन्होंने बताया कि सुबह लगभग दस बजे उपजिलाधिकारी हसनपुर को सूचना देने के बाद लगभग एक बजे पशु चिकित्सक तो पहुंचे लेकिन उन्होंने दबा देने की औपचारिकता पूरी कर पल्ला झाड़ लिया। जबकि शव को दबाने और बीमार निराश्रित गोवंशीय पशुओं को गौशाला भिजवाने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। हालात से परेशान ग्रामीणों ने बीमार गौवंशीय पशुओं को गौशाला भिजवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मोनू अग्रवाल , भूपेंदर , बिजेंदर, रिजवान, इमरान ,परवेज, कुमारपाल ,जितेंद्र ,राहुल , भगवान दास, अजमत अली, रिंकू ,रवि कुमार आदि मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद ने आधार कार्ड अपडेट को लेकर डाकघर के पोस्टमास्टर से की वार्ता



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर0 टी0 आई0 परिषद के पदाधिकारीयो ने डाकघर हसनपुर मे आधार कार्ड सेंटर पर आधार अपडेट मे आ रही समस्याओं के सम्बन्ध मे डाकघर के मुख्य पोस्ट मास्टर से वार्ता की, परिषद के पदाधिकारी ने आधार कार्ड अपडेट केंद्र पर लोगों की लंबी लाइन लगने एवं भ्रष्टाचार के चलते अपडेट के लिए तीन-तीन महीने की डेट देने को लेकर नाराजगी व्यक्त की, परिषद के पदाधिकारीयो ने मुख्य पोस्टमास्टर से वार्ता करते हुए कहा कि आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लोगों को नजदीकी तारीख दी जाए और अपडेट सेंटर पर भ्रष्टाचार की मिल रही शिकायत तो को दूर किया जाए, परिषद के पदाधिकारीयो ने पोस्ट मास्टर को चेताते हुए कहा है कि यदि आधार कार्ड सेंटर पर भ्रष्टाचार की शिकायत एवं कई-कई महीने की डेट देने की शिकायत मिलती है तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा, इस संबंध में डाकघर के मुख्य पोस्टमास्टर ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया, इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट, प्रदेशाध्यक्ष अतुल गर्ग, जिलाध्यक्ष हरिप्रकाश राणा एडवोकेट, तहसील अध्यक्ष सीमा यादव, नगर अध्यक्ष राधा अग्रवाल व राधेलाल अग्रवाल, देशराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**ब्यूरो रिपोर्ट-जनार्दन श्रीवास्तव**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा यात्रा रैली को हरी झण्डा दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा रैली खिरनीबाग स्थित शहीद स्तम्भ होते हुये, शहीद उद्यान पर संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त कॉलेजों, विद्यालयों, संस्थानों एवं संगठनों द्वारा हर घर तिरंगा अंतर्गत तिरंगा यात्रा रैली निकाली जा रही है इसमें सभी लोग बढ़ -चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन को याद रखने एवं श्रद्धा रखने के लिए देशभक्ति के प्रति तिरंगा यात्रा का आयोजन हो रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए शहीदों के प्रति सम्मान तथा कैसे स्वतंत्रता मिली है, के भाव जागृत करने के लिए ऐसी रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी छत ऐसी ना हो जिस पर तिरंगा ना फहरे, हर घर में तिरंगा फहराया जाये, इसमें सभी नागरिक बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि देश के अमर शहीदों एवं बलिदानों को नहीं भुलाया जा सकता है। अमर शहीदों की याद में व तिरंगा देश की आन, बान व शान का संदेश देते हुए एक तिरंगा यात्रा निकाली गई है। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, डीओ फूड चंद्रशेखर मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो० खालिद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश चकबंदी लेखपाल संघ अमरोहा के विवेक कौशिक बने निर्विरोध जिला अध्यक्ष

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश चकबंदी लेखपाल संघ इकाई अमरोहा का चुनाव नगर के एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ जिसमें चुनाव अधिकारी कुंवर पाल सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करते हुए विवेक कौशिक को निर्विरोध जिला अध्यक्ष घोषित किया, वहीं फुरकान अहमद वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए, नवीन कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए, उधर अमरदीप सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुन लिया गया, रामवीर सिंह को संप्रेक्षक /ऑडिटर निर्विरोध चुना गया, साथ ही जिला महामंत्री के पद पर उत्तम कुमार बालियां और सुमित तोमर के बीच वोटिंग हुई जिसमें उत्तम कुमार बालियान को 42 मत प्राप्त हुए तथा सुमित तोमर को 18 मत मिले गिनती के उपरांत चुनाव अधिकारी कुंवर पाल सिंह द्वारा उत्तम कुमार को विजय घोषित किया गया, सभी नव निर्वाचित कार्यकारिणी को निर्वाचन अधिकारी कुंवर पाल सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई, बताते चलें कि उत्तर प्रदेश चकबंदी लेखपाल संघ इकाई अमरोहा का दिवार्षिक अधिवेशन चुनाव पंजाब नेशनल बैंक के निकट एक रेस्टोरेंट में जिला अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी व मुख्य अतिथि कुंवरपाल सिंह के नेतृत्व में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ, इस मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी विशिष्ट अतिथि तिलक राज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार शर्मा, हरिश्चंद्र, गनेशी सिंह राणा, अक्षय मलिक, अशोक कुमार, शाहिद हुसैन, प्रदीप कुमार आदि सहित दर्जनों चकबंदी लेखपाल मौजूद रहे।

# बाइक तिरंगा यात्रा का विधायक ने किया फीता काटकर शुभारंभ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने फीता काटकर किया , इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बाइक पर सवार होकर तिरंगा झंडा लहराते हुए नजर आए बाइक तिरंगा यात्रा नगर के ब्लॉक तिराहे से प्रारंभ हुई जो नगर के अंबेडकर पार्क, नवयुवक मार्केट, मुख्य बाजार, पुरानी घास मंडी, शिव मंदिर से होती हुई रहरा अड्डे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति के निकट संपन्न हुई, बाइक तिरंगा यात्रा में बाइकों पर सवार भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि के नारे लगाते हुए चल रहे थे, तिरंगा यात्रा का जगह-जगह व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया एवं अनेक स्थानों पर जलपान भी कराया गया इस, मौके पर मुख्य रूप से भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी,मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संजय शर्मा, अंकुर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, उषा शर्मा, मोहित अग्रवाल, अमित अग्रवाल उर्फ निक्कू, महेश अग्रवाल, महेश प्रजापति, संजय सहदेव, विक्रांत शर्मा, मोहित सुशील अग्रवाल, आकाश अग्रवाल,वेद प्रकाश वेदु, सचिन गुप्ता, विवेक गुप्ता, सुशील भगत जी, मनोज शर्मा आदि सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कारकस प्लांट का राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**गाजियाबाद।** मंगलवार को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष द्वारा गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में चल रहे कारकस प्लांट का बारीकी से निरीक्षण किया गया जिसमें उन्होंने सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल पाई, बताते चले की कारकस प्लांट में मृत पशुओं का शब विच्छेद करके औद्योगिक उत्पादन किया जाता है, जिसमें रोजाना सैकड़ो की संख्या में मृत पशुओं का सब विच्छेद और औद्योगिक उत्पादन होता है, इस संबंध में राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सलीम खान ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र विजयनगर में चल रहे कारकस प्लांट में सभी कार्य मानक के अनुसार किया जा रहा है, सभी काम कानून के दायरे में किए जा रहे हैं, उन्होंने बताया कि प्लांट में साफ सफाई का पूरा इंतजाम है, कहीं भी गंदगी नहीं दिखी तथा प्लांट सभी मानकों को पूरा कर रहा है।

# भारतीय किसान यूनियन चढ़ूंनी ने किसानों की विद्युत समस्याओं का कराया समाधान



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी का एक प्रतिनिधिमंडल किसानों की विद्युत से संबंधित समस्याओं को लेकर विद्युत अभियंता हसनपुर व एसडीओ मीटर से मिले, जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने किसानों के मीटर में आ रहे अधिक बिल एवं किसानो की अन्य समस्याओं को लेकर अधिकारियों से वार्ता की अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष सभी किसानों की समस्याओं का समाधान करा दिया, इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष शकील चौधरी, जिला अध्यक्ष नफीस मेवाती, जिला संरक्षक अकरम अली खान, शकील खान, शाहवेज खान, वकील खान, आसिफ मलिक, सरताज खान, राकेश सिंह, मनवीर सिंह, शिव कुमार आदि शामिल रहे।

# सनातन हिन्दू वाहिनी ने बांग्लादेश का फूंका पुतला



चांदपुर

**सनातन** हिन्दू वाहिनी के कार्यकताओ ने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर बांग्लादेश का पुतला फुंककर विरोध प्रदर्शन किया। क्षेत्र के गांव नजरपुर में सनातन हिंदू वाहिनी व भाजपा के कार्यकर्ता शहीद स्मारक स्थल पर एक एकत्र हुए। सभी कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर शाहिद स्मारक स्थल की साफ सफाई करने के बाद देश के लिए बलिदान देने वाले शहीद राजेश कुमार गुर्जर एवं राजेंद्र सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के बाद गांव नजरपुर चौराहे पर बांग्लादेश के कट्टरपंथियों के खिलाफ पुतले को दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। सनातन हिन्दू वाहनी के जिलाध्यक्ष कामेश कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू अल्पसंख्यकों पर किये जा रहे हिंसक हमलों को रूकवाने के लिए भारत सरकार को प्रभावी कार्यवाही शीघ्र कार्यवाही करें और हिंदुओं की जान माल की भी सुरक्षा कि जाये। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में आन्दोलन के नाम पर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। लगातार उन पर हो रहे हमलों को शीघ्र रोका जाए व कट्टरपंथियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मौके पर सनातन हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष कामेश कुमार, ओमकार प्रधान, सुरेन्द्र चन्द्रा, रामअवतार सिह, प्रधान हरपाल सिंह , वीरेंद्र सिंह , करण सिंह ,वीर सिंह , विकसित चौधरी , सुधीन्द्र चौधरी,प्रेमराज सिंह , जयवीर सिंह, यशपाल प्रधान, चरण सिंह आदि रहे।

# अंग्रेजी कानून तोड़ने पर मंगू सिंह को जाना पड़ा था जेल

## 1972 मे तत्कालीन सरकार ने दाम्रपत्र भेंट कर किया था सम्मानित

बिजनौर

**देश** की आजादी में जनपद से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इनमें कुछ लोग मंगू सिंह जैसे भी रहे। जो जमींदार घर में जन्म लेने के बाद भी आजादी का जुनून इनके रोम रोम भरा था। जिन्होंने आगे बढ़कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अंग्रेजों से बचाने में भी मदद की और आजादी की लड़ाई भी लड़ी

थाना क्षेत्र किरतपुर के ग्राम गाजीपुर निवासी मंगू सिंह के पिता डूंगर सिंह क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में गिने जाते थे। डूंगर सिंह क्षेत्र के जमींदार थे। मंगू सिंह ने होश संभालते ही देश को गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ देखा। वह युवा अवस्था में ही क्रांतिकारियों के संपर्क में आए। वह अंग्रेजी हुकूमत का दबाव पड़ने पर फरार हुए। क्रांतिकारियों को अपने घर और जंगल में भूमिगत करने में सहायता करते थे। सन 1930 में महात्मा गांधी की दांडी यात्रा के दौरान उन्होंने नगीना में नमक बनाकर सत्याग्रह किया। कानून तोड़ने पर उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके बाद से वह लगातार स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे किंतु अंग्रेजों के हाथ नहीं आए। सन 1941 में उन्हें अंग्रेजों द्वारा दोबारा गिरफ्तार किया गया। 27 मार्च 1941 को न्यायालय ने उन्हें धारा 34/35 के अंतर्गत 6 माह का कारावास तथा 250 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। छह माह बाद जब मंगू सिंह जेल से छूटकर आए फिर अधिक सक्रियता के साथ देश सेवा में लग गए। वर्ष 1972 में उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने मंगू सिंह को दाम्रपत्र भेंट कर सम्मानित किया था। मंगू सिंह का देहांत सन 1993 में हुआ। मंगू सिंह के पौत्र टिपेंद्र सिंह मलिक बताते हैं कि मंगू सिंह जीवन भर देश के प्रति समर्पित रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मिलने वाली पेंशन को लेने से उन्होंने लिखित में मना कर दिया था। उन्होंने सरकार से मिलने वाली किसी भी सुविधा का लाभ नहीं लिया। मंगू सिंह के प्रपौत्र विनीत मलिक एडवोकेट बताते हैं कि उनके दादाजी की कहानियां आज भी लोगों की जुबान पर हैं। अंग्रेजों द्वारा दी गई यातनाओं को वह लोगों से बताते थे तथा समझाते थे कि आजादी कितनी कठिनाई से मिली है।

गाजीपुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख रामबाहार सिंह की माने तो मंगू सिंह के सानिध्य में बैठकर क्रांतिकारियों की बातें सुनना बहुत अच्छा लगता था। मंगू सिंह अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों को बताते हुए रोमांचित हो जाते थे और युवाओं में जोश भर देते थे। इनके अलावा भी बिजनौर जनपद में बहुत सारे क्रांतिकारी हुए, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मदद कर आजादी की लड़ाई में सहयोग किया।



मंगू सिंह फाइल फोटो।

# भाकियू ने शराब ठेका हटाने को लेकर दिया धरना



धरना-प्रदर्शन करते भाकियू के कार्यकर्ता।

, रावली

**सात** अगस्त को भाकियू के बैनर तले रावली और ब्रह्मपुरी की महिलाओं ने देशी शराब का ठेका बंद कराने को लेकर हंगामा किया था। इसमें कुछ महिलाओं ने ब्रह्मपुरी निवासी एक व्यक्ति की पिटाई कर दी थी। वह शराब लेने ठेके पर आया था। भाकियू ने ठेके पर ताला लगा दिया था। लेकिन अगले दिन ठेका खुल गया। बात करने पर पता चला की यूनियन के कुछ पदाधिकारियों ने दुकान की व्यवस्था होने तक ठेका खोलने की सहमति बनी है। यूनियन के कुछ पदाधिकारियों ने बताया कि हमारी कोई सहमति नहीं बनी। इसके बाद जिस ग्रामीण को महिला द्वारा पीटा गया था उसने मंडावर थाने में 30 महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उसी को लेकर भाकियू सोमवार को रावली के जाहरवीर मंदिर पर अपना टेंट लगाया और धरना शुरू कर दिया। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ विजय चौधरी ने बताया कि जब तक कोई सक्षम अधिकारी धरने में आकर हमें आश्वासन नहीं देगा। तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि धरने की सूचना मिलने पर ठेका पहले से ही बंद कर दिया गया था। भरने में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी सदस्य और आस-पास के गांव ब्रह्मपुरी, रावली, शहजादपुर, मंशापुर आदि के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### परिणाम देख प्रवेश ले अभ्यर्थी

**चित्रकूट।** नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण का प्रवेश परिणाम घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम परिषद की वेबसाइट पर देख सकते है चयनित संस्थान से सम्पर्क कर समस्त अभिलेखो सहित प्रवेश ले सकते है।

### दो सितंबर को आयेजित की जायेगी पेंशन अदालत - रमेश

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में दो सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मण्डल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 17 अगस्त के सांय 4 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं।

### कच्ची शराब बनाने के आरोपी को मिली सजा

**चित्रकूट।** न्यायालय ने कच्ची शराब बनाने के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन अधिकारी बृजमोहन द्वारा ने बताया कि न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) सूर्यकान्त धर दुबे ने आरोपी वीरेन्द्र सोनकर पुत्र शिवमोहन निवासी क्योटरल मुहल्ला कस्बा को न्यायालय उठने तक की सजा तथा अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### मुख्य आरक्षी के पदोन्नत होने पर एस पी ने कंधे पर लगाए स्टार

फोटो खबर -3- महोबा -पुलिस लाइन अवस्थित परिवहन शाखा में नियुक्त मुख्य आरक्षी (परिवहन) को प्रोन्नति देकर उपनिरीक्षक (परिवहन) बनाया गया है, इस उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा मुख्य आरक्षी (परिवहन) के उपनिरीक्षक (परिवहन) पद पर प्रमोशन पाये जाने पर उनके कंधे में प्रतीक चिन्ह स्टार लगाते हुये पदोन्नति प्रदान की गई है। इस दौरान उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी साथ ही नए पद के साथ आने वाली विभिन्न जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्ण निर्वहन किये जाने के लिये प्रोत्साहित किया गया है। इस अवसर पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर, मुख्य आरक्षी (परिवहन) भानु सिंह मौजूद रहे।

### एक नवंबर से होगी धान खरीद - झा

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि धान खरीद सरकारी धान खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से धान खरीद जनपद में 1 नवम्बर से प्रारम्भ होगी। सरकारी धान खरीद केन्द्रो पर धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है। धान खरीद के लिए पंजीकरण 15 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है। धान बिकी पंजीकरण कराने के लिए किसान भाईयो को खाद्य विभाग की बेवसाइट मे नवीन पंजीकरण या पंजीकरण संशोधन करा कर लॉक कराना होगा।

## लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाएं धरातल पर शत-प्रतिशत दिखना चाहिए - पश्चिम चंपारण डीएम

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में मंगलवार को जिलास्तरीय अधिकारियों का दल मैनाटांड़ ब्लॉक में सरकार की तमाम विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। जिलास्तरीय पदाधिकारियों का दल अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। तदुपरांत ब्लॉक सभागार में जिलाधिकारी द्वारा आज के निरीक्षण के दौरान की वस्तुस्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों से स्पष्ट कहा कि घर से काम करने की प्रवृति ठीक नहीं है। कुछ चुने हुए लोगों के द्वारा कहने पर काम करना शक के घेरे में खड़ा करता है। समय से आये और समय से काम करें। पब्लिक परसेप्शन बहुत मायने रखता है। आरटीपीएस का काम जरूरी नहीं है की तय समय के अंतिम दिन ही हो। अगर पहले हो जाता है तो ये और भी अच्छा है। इससे लोगो में अच्छा मैसेज जाता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि



लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाएं धरातल पर शत-प्रतिशत दिखना चाहिए। लोगों की भलाई के लिए चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उन्हें शत-प्रतिशत मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन के लिए अधिकारी तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज के इस निरीक्षण का उद्देश्य विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना, लंबित योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए उसे जल्द से जल्द पूरा करना है। आगे कहा की विगत दिनों ठकराहा ब्लॉक का निरीक्षण एवं समीक्षा किया गया था। इस तरह का निरीक्षण सभी ब्लॉक में औचक किया जाएगा, जहाँ जिलास्तरीय पदाधिकारी ब्लॉक में पहुँच अपने-अपने विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन ससमय पूर्ण कराएंगे।

## गोस्वामी तुलसीदास युग दृष्टा लोक मार्गदर्शक - रामस्वरूपाचार्य



*तुलसी जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते महंत*

■ चित्रकूट

महाकवि गोस्वामी तुलसीदास युग दृष्टा लोक मार्गदर्शक हैं। उन्होंने रामचरित रचकर मानव के विकारों का उपचार और मानवता पर उपकार किया हैं यह उद्गार रामकथा वाचक तथा श्रीकामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने तुलसी जयंती समारोह पर व्याख्यान देते हुए कहा।

कामदगिरि पीठम संत डा0 मदनगोपाल दास ने कहा कि विश्व में मानव मिल जाएंगे लेकिन मानवता भारत की भूमि में ही मिलेगी क्योंकि गोस्वामी तुलसीदास दास जी जैसे संत ने मानवता अक्षुण्ण रहे इसके लिए समूचे लोक को रामचरितमानस जैसा पथ-प्रदर्शक ग्रंथ सौंपा है, जो स्वयं में भगवत स्वरूप है। नागा सनकादिक ब्रम्हचारी महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास का जन्म चित्रकूट के राजापुर में हुआ, इसलिए दुनिया के लोग चित्रकूटधाम को मानवता की प्रेरक भूमि मानते हैं। लेकिन विडंबना है कि कालांतर में इस पुण्य धरा का स्वरूप बदलता जा रहा है। यहां के आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक वैभव को बचाए रखने के लिए संतों को आगे आना होगा। व्तत्पश्चात् संतों की अगुवाई में श्रीकादगिरि परिक्रमा पथ पर श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों का अनवरत गायन करते हुए भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जहां मठ-मंदिरों एवं आमजनों द्वारा स्वागत किया।

समारोह में निर्मोही अखाड़ा महंत नागा ओंकार दास, महंत माधवदास, संत नागा नरसिंदास, मोहनदास, नागा नंदकिशोर दास, मणिराम दास, नागा बालकदास समेत बड़ी संख्या में साधू-संत मौजूद रहे।

## बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घोर निंदा की गई - मदन बनिक

### बिहार बंगाली समिति बेतिया शाखा द्वारा बैठक में आक्रोश मार्च की तैयारी पर जोर।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चंपारण।** बिहार बंगाली समिति बेतिया शाखा द्वारा बैठक कर बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घोर निंदा की गई। समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष मदन बनिक ने कहा जब कभी बांग्लादेश की सत्ता में उतार चढाव होते हैं तब हमारे हिंदू अल्पसंख्यक भाइयों को ही टारगेट कर उन्हें क्षति पहुंचाया जाता है,जो की बिल्कुल असंवैधानिक है। जिला अध्यक्ष राधाकांत देवनाथ ने कहा भारत सरकार को इस पर अविलंब पहल करने की आवश्यकता है, ताकि हमारे हिंदू भाइयों को वहां उचित सुरक्षा प्रदान हो सके। बैठक के दौरान उपस्थित एक वृद्ध कृष्णा पाल ने रोते हुए कहा कि जब फोन पर



बांग्लादेश हमारे लोगों से बात हो रही है, तो उनके दुःख को सुनकर हम काफी दुखित हो जा रहे हैं, हमारा कलेजा फट रहा है।लोगों ने कहाँ की आज हर पल हमारे लोगों की याद सता रही है। उन्होंने कहाँ की अगर उनपर अत्याचार बंद नहीं हुआ तो समिति के तत्वाधान मे आक्रोश मार्च निकाला जायेगा।

### नीलगाय से भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**पनवाड़ी।** महोबकंठ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुनाटा गांव निवासी हेमंत, देवसिंह और मलखान किसी काम से मोटरसाइकल के जरिए नकरा गांव आए हुए थे। जहां से लौटते वक्त छतेसर के निकट मोटरसाइकिल नीलगाय से टकरा गई। जिससे तीनों घायल हो गए तीनों घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने देखकर हेमंत पुत्र गोविंद दास राजपूत को मृत घोषित कर दिया मलखान पुत्र धर्मराज ,देव सिंह पुत्र रामपाल को देख कर झांसी के लिए रेफर किया। वहीं, पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा गया।

## एमएलसी के कावड़ यात्रा का किया स्वागत



**पनवाड़ी।** सावन के चौथे सोमवार को भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए भक्तों का जत्था महोबकंठ से ऐतिहासिक काशीपुरा मंदिर पहुंचा। जहां कांवड़ लेकर जा रहे लोगों का स्वागत विधान परिषद सदस्य जीतेंद्र सिंह सेंगर की अगुआई में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। यात्रा में मनमोहक झांकियो ने अपनी ओर लोगों को आकर्षित किया।

कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद प्रबंध किए गए थे। कांवड़ यात्रा सिद्ध बाबा स्थान महोबकंठ से शुरू होकर क्योलारी धाम, तेईया, पूंछा वाले हनुमान महाराज मंदिर,एवम बामौर सरकार आश्रम होते हुए धसान नदी पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। जहां भक्तों द्वारा लाए गए विभिन्न तीर्थो एवम् पवित्र नदियों के जल द्वारा भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया गया। पूरा वातावरण बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

क्योलारी धाम मंदिर परिसर में श्री रामशरण मानव जन हितार्थ कल्याण समिति उमरई द्वारा कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में महंत जी क्योलारी धाम, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिग्विजय दुबे, यात्रा संयोजक पंकज तिवारी, इंजिनियर श्रीप्रकाश अनुरागी, पनवाड़ी प्रधान संजय द्विवेदी, शिक्षक प्रशांत खरे, समिति सदस्य ऋषि खरे, विक्रम सिंह परिहार, समिति संरक्षक श्री राजेश खरे,प्रदीप खरे,एवम आस पास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## एडीएम ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी संबंधी बैठक ली

■ चित्रकूट

अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

अपर जिला अधिकारी ने कहां की विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा आंदोलन का एक प्रमुख हिस्सा है इसे सभी विभाग सुनिश्चित कराए। राष्ट्रीय गौरव और एकता का भावना लाते हुए राष्ट्रीय ध्वज का जश्न मनाएं । उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि रामघाट पर तिरंगे लाइट एवं लेजर शो से सुशोभित करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि प्रभात फेरी, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता व अन्य जो कार्यक्रम निर्धारित है उसे सुनिश्चित कराए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका कार्यक्रम का आयोजन स्थल को चिन्हित कर सकुशल संपन्न कराए।

उन्होंने कहा कि रामघाट से लेकर धनुष चौराहा, पटेल तिराहा तक तिरंगे लाइट व कपड़ों से में पोलो को सजवाएं। अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि संपूर्ण मलिन बस्तियों में व सभी निकाय वाले स्थलों को साफ सफई व चुना का छिड़काव भी कराना सुनिश्चित कराए।

## सिद्ध बाबा कांवड़ यात्रा का रामशरण मानव जन हितार्थ कल्याण समिति द्वारा किया गया स्वागत

■ महोबा

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सिद्धबाबा बुंदेलखंड कांवड़ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा में मनमोहक झांकियो ने अपनी ओर लोगों को आकर्षित किया। कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद प्रबंध किए गए थे। कांवड़ यात्रा महोबकंठ से शुरू होकर क्योंलारी धाम, तेईया, पूंछा वाले हनुमान महाराज मंदिर एवं बामौर सरकार आश्रम होते हुए धसान नदी पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। जहां कांवडियो द्वारा लाए गए विभिन्न तीर्थो एवम् पवित्र नदियों के जल द्वारा भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया गया। यात्रा



के दौरान चारों ओर का वातावरण बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। क्योंलारी धाम मंदिर परिसर में श्री रामशरण मानव जन हितार्थ कल्याण समिति उमरई द्वारा कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस पुनीत अवसर पर कांवड़ यात्रा के आयोजक पंकज तिवारी घुटई, समिति सचिव शत्रुघ्न खरे, समाज सेवी सुनील रावत, महंत जी क्योंलारी धाम, शिक्षक प्रशांत खरे, समिति सदस्य ऋषि खरे, विक्रम सिंह परिहार, समिति संरक्षक राजेश खरे,प्रदीप खरे एवं सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।

## ध्वस्त सड़कों की समस्या को लेकर भाकियू ने सौपा ज्ञापन

■ चित्रकूट

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने जिले के गांवों की ध्वस्त सड़कों की समस्या को लेकर का. अमित यादव एड के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। काम. अमित यादव ने कहा कि शासन ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के तहत जिसमें कार्यदाई संस्था द्वारा विगत कई माह पूर्व गांवों की सड़को की खुदाई कर पाइपलाइन बिछाई थी। पाइपलाइन बिछाने के बाद भी आज तक उन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। जिले में मानसून सक्रिय हो गया है जिससे सड़कों में जलभराव व कीचड़युक्त सड़कें हो गई है इस कारण लोगों को खासकर बुजुर्ग और बच्चों के साथ वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो गया है। इन मुश्किलों के बावजूद भी अभी तक हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है। कार्यदाई संस्था द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के कारण ही ग्रामीणों को अभी तक सड़क और पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। ज्ञापन देने वालो मे शारदा प्रसाद यादव, ब्रजभूषण, रामचन्द्र, बबली, हनुमान, संजय, शिवबरन उपस्थित रहे।

## शहर में बाइक रैली कर निकाली तिरंगा यात्रा



■ महोबा

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली कर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया 7 महोबा विधानसभा की तिरंगा यात्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रारंभ होते हुए।

आल्हा चौक, तहसील चौराहा मैन मार्केट होते हुए, उदल चौक, डीएवी इंटर कॉलेज से विद्या मंदिर में राष्ट्गान होकर समाप्त हुई जिसमें मुख्य अतिथि कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल निवर्तमान सांसद ,जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह सेंगर, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर संतोष चौरसिया,युवा मोर्चा जिला प्रवासी शिवेंद्र सिंह शिवाजी ,हर घर अभियान के संयोजक मयंक तिवारी,तिरंगा यात्रा के संयोजक प्रेवेंद्र सिंह रघुवंशी ,अभियान के संयोजक सत्येंद्र प्रताप ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता,जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे, जिला मंत्री वियोगी शाश्वत एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने उद्योग बंधु समिति की ली बैठक



■ चित्रकूट

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग केंद्र एवं अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को निर्देश दिए की इन योजनाओं में जो ऋण उद्यमियों के आवेदन पत्र लंबित हैं उनका तत्काल सभी बैंकों से निस्तारण कराकर ऋण वितरित कराया जाए। बैंकों द्वारा ऋण वितरण में रुचि नहीं लिया जा रहा है यह स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा पर प्रभागीय वनाधिकारी श्री नरेंद्र कुमार सिंह को निर्देश दिए कि जिन उद्यमियों द्वारा वन विभाग से एनओसी के लिए आवेदन किया गया है उनको एनओसी जारी कराई जाएं।

उन्होंने धारा 80 के निस्तारण के संबंध में संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए की तत्काल धारा 80 की कार्यवाही सुनिश्चित करें, इको पार्क रसिन बांध में जो बनाया जाना है उसमें जो स्वीकृति आवेदन पत्र लंबित है उसकी तत्काल निस्तारण आशाषी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड द्वारा कराया जाए, जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए को जो शहर के जर्जर विद्युत तार हैं उनको बदलने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।

## भोर से ही श्रद्धालुओं का शिवालयों में रहा जमावड़ा, गूंजा हर-हर-बम-बम

### कालिंजर दुर्ग में कांवड़ियों ने नीलकंठ महादेव को चढ़ाया रामेश्वरम का जल



■ बांदा

सोमवार को श्रद्धालु बामदेवेश्वर पर्वत पहुंच गए। जबरदस्त भीड़ होने की वजह से श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से खड़ा कराया गया। बारी-बारी से महिला और पुरुष श्रद्धालुओं को गुफा के अंदर प्रवेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान बामदेवेश्वर शिव का जलाभिषेक और दुग्धाविषेक किया। इसके बाद बेल पत्र और पुष्प अर्पित किए। गुफा के अंदर तैनात स्वयंसेवी श्रद्धालुओं को चंदन मिनट में ही बाहर करते नजर आए। सुरक्षा के लिहाज से मंदिर परिसर में पुलिस कर्मी तैनात रहे। मंदिर के पुजारी पुत्तन महाराज ने बताया कि मंदिर में 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस सुरक्षा के साथ ही सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार अराजकतत्वों की निगरानी की जा रही है। देर शाम भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार करते हुए विशेष आरती का आयोजन किया गया। इधर, भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भक्त विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर रहे हैं। जैसे-जैसे सावन माह के दिन गुजर रहे हैं, इधर, कालिंजर दुर्ग में विराजमान भगवान नीलकंठेश्वर महादेव के दर्शन के लिए सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। यह प्राचीन देव स्थान यूपी और एमपी के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

श्रद्धालुओं को जलाभिषेक की इजाजत नहीं दी गई, लेकिन रामेश्वरम से जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने महादेव का जलाभिषेक किया। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था। इसके साथ ही दुर्ग पर स्थित भगवान बलखंडेश्वर महादेव का श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। रह-रहकर भगवान शिव का गगनभेदी जयघोष गुंजायमान होता रहा।

CMYK

## सार संक्षेप

### ऑस्ट्रेलियाई संसद में भाषण देंगे रानी मुखर्जी और करण जौहर



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी और फिल्मकार करण जौहर 13 अगस्त को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के आयोजन से पहले ऑस्ट्रेलियाई संसद में भाषण देंगे। फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न की शुरुआत 15 अगस्त से होगी, जो 25 अगस्त तक चलेगा। वहीं इस फेस्टिवल के शुरुआत से दो दिन पहले यानी 13 अगस्त को रानी मुखर्जी और करण जौहर भाषण देंगे। करण जौहर ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन में बोलने के लिए आमंत्रित किए जाने पर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनकर और भारतीय सिनेमा की अविश्वसनीय यात्रा का जश्न मनाकर रोमांचित हूं। यह देखना अविश्वसनीय है कि एक उद्योग के रूप में हम जो कहानियां बनाते हैं वे कितनी दूर तक यात्रा करती हैं और यह क्षण भारतीय सिनेमा के सांस्कृतिक प्रभाव के बढ़ते प्रभाव का एक प्रमाण है। रानी मुखर्जी का कहना कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया की संसद में भारतीय फिल्म बिरादरी का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व हैं। रानी ने इसे मील का पत्थर बताते हुए कहा कि सिनेमा के जरिए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत करना उनके लिए सम्मानजनक बात होगी।

### हिंडौनसिटी मे भारी बारिश के कारण लोगों का पलायन शुरू

**भरतपुर:** राजस्थान में भरतपुर संभाग के हिंडौनसिटी में भारी बारिश से बिगड़ते हालात के बीच लोगों का शहर से पलायन करने का सिलसिला शुरू होने लगा है। सोमवार को एक बार फिर शुरू हुई भारी बारिश से कई स्थानों पर घरों एवं सड़कों पर छह फुट से ज्यादा जलभराव होने से खारी नाले के पास की कॉलोनी और बस्तियां खाली होने लगी हैं। हिडौन में बाढ़ जैसे हालात के बीच करौली के सांसद भजनलाल जाटव एवं विधायक अनीता जाटव ने हिण्डौन में एसडीएम कार्यालय के बाहर बीच सड़क पर धरना शुरू किया है। धरने पर बैठे सांसद, विधायक एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के साथ जिला एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद समय पर न तो सरकार चेती और न ही जिला प्रशासन ने हिण्डौन शहर में जल निकासी के उचित प्रबंध किये जिसकी वजह से वर्तमान में हिंडौन की जनता को संकट का सामना करने को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने सरकार से हिंडौन में नाले को तोड़कर सफाई करने की मांग भी की है। बाढ़ जैसे हालातों के बीच पलायन को मजबूर लोग अपने छोटे-छोटे मासूम बच्चे और बुजुर्ग मां-बाप को लेकर बारिश के बीच रिश्तेदारों या परिचितों के घर शरण लेने के लिए पलायन कर रहे हैं।

### पाकिस्तान के पंजाब में बस-कार की टक्कर से छह लोगों की मौत

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में कार और बस के बीच टक्कर से कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। बचाव सेवा सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना जिले के मनकेरा इलाके में झांग रोड पर रविवार की शाम को उस समय हुई, जब विपरीत दिशा से आ रहे दो वाहन क्रॉसिंग से गुजरते समय आपस में टकरा गये। घटना में कार में सवार छह लोगों की मौत हो गयी। बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं, जबकि एक महिला घायल हुई है।

### अमेरिका ने दिया पशिचम एशिया में परमाणु पनडुब्बी की तैनाती का आदेश

**वाशिंगटन:** अमेरिका ने यूएसएस जॉर्जिया परमाणु पनडुब्बी को पशिचम एशिया में तैनात करने और अब्राहम लिकन विमानवाहक पोत की तैनाती में तेजी लाने का आदेश दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' ने रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ बातचीत के यह जानकारी दी। उसने कहा कि रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने एफ-35 सी लड़ाकू विमानों से लैस यूएसएस अब्राहम लिकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को केंद्रीय कमान क्षेत्र में अपने पारगमन में तेजी लाने का आदेश दिया है, जो यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की ओर से पहले से प्रदान की जा रही क्षमताओं में इजाफा करेगा। पेंटागन ने बताया कि इसके अतिरिक्त, रक्षा मंत्री ने यूएसएस जॉर्जिया (एसएसजीएन 729) निर्देशित मिसाइल पनडुब्बी को मध्य कमान क्षेत्र में भेजने का भी आदेश दिया है। ऑस्टिन और गैलेंट ने फोन कॉल के दौरान गाजा में युद्धविराम हासिल करने के प्रयासों और इजरायल की सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की। श्री ऑस्टिन ने विशेष रूप से पश्चिम एशिया के अपने सहयोगी की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की अमेरिका की तत्परता पर जोर दिया।

### ट्रैलर की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**उदयपुर:** राजस्थान में उदयपुर जिले के कुराबड थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कुराबड थाना क्षेत्र के खाखरा घाटी में गत रात्रि करीब 11 बजे ट्रेलर एवं मोटरसाईकिल की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन युवको की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक लालपुरा का रहने वाला है जबकि दो गुडल के निवासी है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

# कॉर्पोरेट विस्तार के जेटवर्क ने विनोद दासारी को बोर्ड में किया शामिल

मेरठ

**कॉन्ट्रैक्ट** मैन्युफैक्चरिंग के लिए दुनिया के सबसे बड़े बाजार के रूप में स्थापित जेटवर्क अपने कस्टमर्स तथा स्टेकहोल्डर्स को बेहतर सेवा देने के लिए विस्तार कर रहा है। अपनी विस्तार योजना के तहत ही प्लेटफॉर्म ने अपनी लीडरशिप को मजबूत करने के लिए विनोद दासारी को बोर्ड में शामिल करने की घोषणा की है। जेटवर्क के बोर्ड में दासारी ऐसे समय में शामिल हुए हैं, जब कंपनी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस, रिन्यूवेबल्स और इंडस्ट्रियल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से तेजी से बढ़ रही है।



अपनी नियुक्ति पर बात करते हुए विनोद दासारी ने कहा कि मैं जेटवर्क के बोर्ड में शामिल होने पर काफी खुशी हो रही है। मैं जेटवर्क के बोर्ड में शामिल होने के साथ एक ऐसी कंपनी का हिस्सा बना हूं जो मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में इनोवेशन के लिए जानी जाती है। मैं कंपनी की प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर जेटवर्क की महत्वाकांक्षी सोच में योगदान देने की पूरी उम्मीद करता हूं। दासारी के पास ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस को आगे बढ़ाने और बड़े स्तर तक ले जाने का लगभग चार दशकों का अनुभव है। उनका व्यापक अनुभव और बेहतरीन लीडरशिप जेटवर्क के लिए एक अहम साबित होगी। जेटवर्क बोर्ड में शामिल होने से पहले दासारी निजी इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल, रॉयल एनफील्ड और अशोक लेलैंड जैसे बड़े फर्मो में भी महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं।



सोमवार को नई दिल्ली के हैंडलूम हाट में 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित विशेष 'हैंडलूम एक्सपो' में शामिल हुए केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, विदेश राज्य मंत्री और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा।

# बांग्लादेशियों ने भुला दी आजादी!

## प्रदर्शनकारियों ने भारतीय सेना की जीत का स्मारक तोड़ा, किए टुकड़े-टुकडे

● नई दिल्ली, एजेंसी

**बांग्लादेश** में प्रदर्शनकारियों ने 1971 की जंग से जुड़े राष्ट्रीय स्मारक को तोड़ दिया। मुजीबनगर में स्थित यह स्मारक भारत-मुक्तिवाहिनी सेना की जीत और पाकिस्तानी सेना की हार का प्रतीक था। 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने हजारों सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। भारतीय सेना के ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट-जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। इस स्मारक में उसी की छवि को दशार्या गया है।



वहीं, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना वापस लौटने का कहा है। हसीना के इस्तीफे के बाद बनी सरकार में गृह मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे ब्रिगेडियर जनरल एम सखावत ने कहा है कि हसीना की पार्टी को नए चेहरों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हसीना को देश से निकाला नहीं गया था, वे खुद भागीं थीं। सखावत ने कहा है कि वे वापस लौट सकती हैं, बस देश में फिर से हालात न बिगाड़ें। सखावत ने ये भी कहा कि हसीना के दिल्ली में रहने से भारत-बांग्लादेश के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दूसरी तरफ बांग्लादेश में जिस ढाका यूनिवर्सिटी से शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत हुई वहां छात्र राजनीति को बैन करने की मांग की जा रही है। ढाका यूनिवर्सिटी में छात्र राजनीति के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन हुए। हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले संगठन एंटी डिस्क्रिमिनेश स्टूडेंट मूवमेंट के लोग भी इसमें शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना के खिलाफ मुकदमा चलाने की भी मांग की। वहीं, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस हिंदू छात्रों से मुलाकात करेंगे। हिंदू छात्र अल्पसंख्यक अधिकार आंदोलन समूह यूनुस सरकार के सामने 8 मांगें रखेंगे। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक शेख हसीना के इस्तीफे के बाद हिंदू समुदाय पर हमले से जुड़ी 205 घटनाएं दर्ज की गई हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में अटॉर्नी जनरल ऑफिस के 70 सरकारी वकीलों ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक अटॉर्नी जनरल के ऑफिस में 215 सरकारी वकील काम कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने चीफ जस्टिस से इस्तीफा लिया था।

# चिकित्सक हत्या मामले को सीबीआई को सौंपेंगे: ममता

## कहा -मैं चाहती हूं कि पुलिस दोषियों को करे गिरफ्तार

● कोलकाता,

**पशिचम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को महिला चिकित्सक के माता-पिता को आश्वासन दिया कि यदि कोलकाता पुलिस 18 जुलाई तक मामले को सुलझाने में विफल रहती है तो वे मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप देंगी।

बनर्जी ने कहा कि उन्होंने शोकाकुल माता-पिता से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि यदि कोलकाता पुलिस रविवार तक मामले को सुलझाने में विफल रहती है तो मामले को सीबीआई को सौंप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर 24 परगना जिले में पीड़ित परिवार से मिलने के बाद कहा कि मैं चाहती हूं कि पुलिस दोषियों को गिरफ्तार करे। कुछ अंदरूनी लोग हैं। यदि पुलिस रविवार तक मामले को नहीं सुलझा



पाती है तो हम मामले को सीबीआई को सौंप देंगे। हमें चिंता करने की कोई बात नहीं है। उन्होंने बताया कि वहां नर्सें थीं, अस्पताल के सुरक्षाकर्मी भी थे। मैं समझ नहीं पा रही हूं कि यह कैसे हुआ। पीड़िता के माता-पिता ने मुझे बताया कि अंदर से कोई इसमें शामिल था। पुलिस सभी से बात करेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि सीबीआई की सफलता दर बहुत खराब है क्योंकि सीबीआई द्वारा हाथ में लिए गये तापसी मलिक, नंदीग्राम हत्याएं जैसे कई मामले सुलझ नहीं पाए हैं। उन्होंने दावा किया कि कोलकाता पुलिस दुनिया की सबसे अच्छी पुलिस है।

### नाले में बहने से एक महिला की मौत

**भरतपुर:** राजस्थान में भरतपुर संभाग के सवाई माधोपुर में भारी बारिश के दौरान श्योपुर से डिग्गी कल्याण जी की पैदल यात्रा पर जा रही एक श्रद्धालु महिला की सोमवार को कुशाली दर्रा जतिधाम के पास लटिया नाले के तेज बहाव में बह जाने से मौत हो गयी। पैदल यात्रा पर जा रहे 100 से अधिक पदयात्रियों का एक दल रविवार रात को अधिक अंधेरा होने के कारण जातिधाम आश्रम पर रुक गया। दल सोमवार सुबह भारी बारिश के कारण जलभराव से आश्रम में फंस गया। इसी बीच, मध्यप्रदेश के हरदां कलां की निवासी कल्लो (40) आगे की पैदल यात्रा शुरू करने के लिये जातिधाम से रवाना हुई, लेकिन पानी के तेज बहाव में बह गयी। पुलिस ने शव नाले से निकाल कर जिला अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

### अग्निहोत्री ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को अधिकारियों की टीम के साथ अपने गृह विधानसभा क्षेत्र हरोली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। गौरतलब है कि रविवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के बाथू-बाथड़ी में मूसलाधार बारिश के चलते पड़े बाढ़ में जहां तीन लड़कियों की मौत हो गई, वही सैकड़ों करोड़ रुपए का नुकसान औद्योगिक क्षेत्र को हुआ है। इस आपदा के कारण स्थानीय लोगों को भी बबाढ़ के पानी से काफी नुकसान होने का अंदेशा लगाया जा रहा है जबकि एक पेट्रोल पंप भी पूरी तरह बाढ़ के पानी की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। अग्निहोत्री ने सोमवार सुबह डीसी जतिन लाल, एसपी राकेश सिंह और अन्य तमाम अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

### अमृतसर में अवैध ड्रोन बरामद

**अमृतसर:** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) तथा पंजाब पुलिस के समन्वित प्रयासों से सीमा पार से एक और अवैध ड्रोन को हथियार के पुर्जो सहित सफलतापूर्वक बरामद किया गया। बीएसएफ के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 12 अगस्त 2024 को, अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में गिरे हुये ड्रोन की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया विंग द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर, संदिग्ध क्षेत्र में पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ सैनिकों द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों ने अमृतसर जिले के राजाताल गांव से सटे एक खेत से एक ड्रोन के साथ-साथ पिस्तौल का ऊपरी स्लाइड और बैरल युक्त 1 पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किया। खेप को पीले रंग के चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था।



सोमवार को मेघालय के मुख्यमंत्री संगमा कॉनराड और मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसोंग ने नई दिल्ली में वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

# हर घर तिरंगा अभियान एक जन आंदोलन: सिन्हा

## उपराज्यपाल के नेतृत्व में श्रीनगर में तिरंगा रैली में शामिल हुए हजारों लोग

● श्रीनगर,

**जम्मू** कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में सोमवार को श्रीनगर में 'तिरंगा रैली' में हजारों लोग शामिल हुए।

उपराज्यपाल ने कहा कि हमारा प्रिय और विजयी तिरंगा दुनिया में ऊंचा लहराए। उन्होंने नागरिकों से कहा कि राष्ट्रीय ध्वज को घर लाएं और इसे गर्व एवं सम्मान के साथ फहराएं तथा हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनें। अधिकारियों ने बताया कि शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) से डल झील के किनारे बॉटनिकल गार्डन तक निकाली गई इस रैली में हजारों लोग शामिल हुए, जिनमें पुरुष



और महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि एसकेआईसीसी से सुबह पांच बजे शुरू हुई इस रैली में कई सरकारी गणमान्य व्यक्ति, वीआईपी और अधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तिरंगा रैली सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोगों को अपने घर पर झंडा लाने और भारत की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हर घर तिरंगा अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। यह अभियान राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव बनाता है। उन्होंने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोगों से तिरंगा रैलियों, तिरंगा संगीत समारोहों, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी और तिरंगा मेले में भाग लेने का आह्वान किया। उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर के शहीदों और बहादुरों को समर्पित एक मोनोग्राफ भी जारी किया और तिरंगा हस्ताक्षर अभियान शुरू किया।जम्मू कश्मीर में स्वतंत्रता समारोह से पहले पिछले एक सप्ताह के दौरान केंद्र शासित प्रदेश के कई जिलों में तिरंगा रैलियां भी निकाली गईं। इसी तरह की रैली शिकारा और नावों में प्रतिष्ठित डल झील में भी निकाली गई।

# नाट्य महोत्सव में आठ देशों के कलाकार लेंगे हिस्सा

## सत्रहवीं 'पैसिफिक बांड थिएटर स्कूल्स फेस्टिवल एंड डायरेक्टर्स मीट' की इस बार मेजबानी कर रहा है भारत

● नई दिल्ली,

**राष्ट्रीय** नाट्य विद्यालय बुधवार से दक्षिण एशिया एवं प्रशान्त क्षेत्र के आठ देशों का नाट्य महोत्सव आयोजित कर रहा है जिसमें 44 प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेंगे।

> **नाट्य विद्यालय अपने रंगमंडल की हीरक जयंती 23 अगस्त से आठ सितम्बर तक मना रहा है। इस दौरान कई नाटक प्रस्तुत किये जाएंगे, चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी एवं सेमिनार आदि भी आयोजित किये जायेंगे और एक काफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जायेगा।**

नाट्य विद्यालय के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पांच दिन तक चलने वाली सत्रहवीं 'पैसिफिक बांड थिएटर स्कूल्स फेस्टिवल एंड डायरेक्टर्स मीट' की मेजबानी इस बार भारत कर रहा है। इसके अलावा नाट्य विद्यालय अपने रंगमंडल की हीरक जयंती 23 अगस्त से आठ सितम्बर तक मना रहा है। इस दौरान कई नाटक प्रस्तुत किये जाएंगे, चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी एवं सेमिनार आदि भी आयोजित किये जायेंगे और एक काफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जायेगा। नाट्य विद्यालय देश भर में दो साल तक 'रंग रथ' यात्रा भी निकालेगा जिसमें एक बस में सवार रंगमंडल के कलाकार देश भर के विभिन्न शहरों में जाकर नाटक प्रस्तुत करेंगे। नाटकों का आयोजन स्कूलों में भी किया जायेगा। नाट्य विद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर त्रिपाठी का 25 साल से देश भर में खेले जा रहे नाटक 'ताजमहल का टेंडर' का भी प्रदर्शन होगा, जिसमें 1998 में हुई पहली प्रस्तुति के कलाकार भाग लेंगे। इस नाटक में शाहजहां का अभिनय स्वयं श्री त्रिपाठी करेंगे। उन्होंने इन दोनों आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार नाट्य विद्यालय इस ''रंग रथ'' यात्रा को शुरू कर रहा है ताकि घर-घर तक थिएटर को पहुंचाया जाए। दिल्ली से यह यात्रा शुरू होगी और पहले चरण में ग्वालियर जाएगी और बाद में मुम्बई , कोलकाता, बेंगलुरु और अन्य शहरों में भी जाएंगे। इसके अलावा ये श्रीलंका, नेपाल, भूटान एवं बंगलादेश भी जाएंगे जब वहां की स्थिति ठीक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि रंगमंडल अमेरिका, यूरोप और आस्ट्रेलिया आदि जाने की भी योजना बना रहा है ताकि भारतीय रंगमंच को दुनिया में पहुंचाया जा सके। भारत मे साढ़े तीन हज़ार साल पहले भरत मुनि ने नाटक का पहला शास्त्र ''नाट्यशास्त्र'' लिखा था। रंग रथ यात्रा की गतिविधियों का दस्तावेजीकरण होगा और दो साल के बाद उसकी पुस्तक भी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया पेसिफिक फेस्टिवल में चीन, कोरिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर, जापान, हांगकांग, बंगलादेश, मंगोलिया की नाट्य मंडलियां नाटक करेंगी और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। नाट्य विद्यालय के छात्र उद्घाटन नाटक 'राम विजय' को मंचित करेंगे। समापन इंद्रजीत नाटक से होगा। भारत तीसरी बार इस फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इससे पहले 2011 और 2016 में भी भारत इसकी मेजबानी कर चुका है और कुल छह देशों में हुए इस तरह के आयोजनों में भी भाग ले चुका है। रंगमंडल प्रमुख राजेश सिंह ने बताया कि 23 अगस्त से शुरू हो रही हीरक जयंती में नौ नाटकों का मंचन होगा और उद्घाटन समुद्र मंथन से होगा। इस दौरान अंधा युग, लैला मजनू , बन्द गली का आखिरी मकान ,माई रेकासे कहूँ आदि का मंचन होगा।

# पेरिस से आगे भारत की खेल राह...

भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में जिस तरह का प्रदर्शन किया.., उसके बाद भविष्य में आगे बढ़ते हुए संभावनाओं की तलाश के साथ प्रयास और विश्वास की एक नई लकीर खींचने का यही समय है.., क्योंकि भले ही बहुत उत्साहजनक न सही.., लेकिन निराशा वाला प्रदर्शन भी नहीं है... फिर भी भारत ने अब यहां से खेल प्रबंधकों निर्णायकों के लिए काम शुरू हो जाता है... क्या सोचा गया था और क्या हुआ है..? आगे क्या सुधार करना है..? किससे क्या सीखना है..? हमें सोचना होगा कि हमारा ध्यान किधर ज्यादा है..? मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में क्यों हमारी अवनति हुई है..? खैर, यह पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के सत्कार का समय है... हम जब खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़े होने लगेंगे, तो खेलों में सुधार की प्रक्रिया तेज हो जाएगी... हॉकी के पुनरोत्थान और ओडिशा सरकार के सहयोग से भी सीखना चाहिए... सबसे बड़ी खुशी राष्ट्रीय खेल हॉकी को लेकर है कि हमने लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता है... इससे निस्संदेह भावी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा, हम लगातार अपने खेल को सुधारते और पदक जीतते चले जाएंगे... इस ओलंपिक को नीरज चोपड़ा के रजत पदक और उनके साथी पाकिस्तानी अरशद नदीम के स्वर्ण पदक के लिए भी याद किया जाएगा... नीरज और नदीम की मां के उद्गार भी याद आएंगे... लंबे समय बाद पाकिस्तान की झोली में एक पदक, वह भी स्वर्ण आया है और पाकिस्तानियों को चर्चा के लिए एक सकारात्मक विषय मिला है... नदीम वहां प्रेरणास्रोत बनें तो इसमें दक्षिण एशिया का हित है... यह ओलंपिक निशानेबाज मनु भाकर के लिए भी याद किया जाएगा... उन्होंने एक कांस्य पदक व्यक्तिगत शूटिंग में और दूसरा सरबजोत के साथ मिश्रित टीम में जीता है... निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सहरावत ने भी कांस्य जीतकर भारत का नाम रोशन किया है... यह ओलंपिक हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की शानदार विदाई के लिए भी याद किया जाएगा... ये खिलाड़ी अब प्रेरणा-स्रोत बनकर भारतीय खेल इतिहास में दर्ज हो गए हैं... पेरिस ओलंपिक में भारत ने छह पदकों (एक रजत, पांच कांस्य) का सफर तय किया... यह याद आना स्वाभाविक है कि पिछले टोक्यो ओलंपिक में हमने सात पदकों (एक स्वर्ण, दो रजत, चार कांस्य) के साथ इससे बेहतर प्रदर्शन किया था... यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि अगर पहलवान विनेश फोगाट की अयोग्यता का मामला न होता, तो भारत अपने प्रदर्शन को दोहराने में सफल हो जाता... यह भी याद किया जाएगा कि विनेश फोगाट के मामले ने देश में बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया... ऐसा नहीं होना चाहिए था.., लेकिन जिस देश में राजनीति और खेल संघों को अलग-अलग न किया जा सके, वहां ऐसे विवाद स्वाभाविक हैं... यह 100 ग्राम से उपजी सियासत भी सुबूत है कि हम खेलों व खिलाड़ियों के प्रति पूरी तरह पेशेवर या समर्पित नहीं हैं... विनेश प्रकरण के अनेक परत हैं, जिन पर हमें गौर करना होगा... फिर भी प्रशंसा करनी चाहिए कि हमने ओलंपिक की खेल अदालत में विनेश की शिकायत को पुरजोर ढंग से उठाया है और मुमकिन है कि 13 अगस्त को एक और रजत पदक हमारी झोली में आ जाए...

सामयिक



शाहीन सबा

# भारत की छवि धूमिल करता हिंडनबर्ग




हिंडनबर्ग की पिछले साल वाली रिपोर्ट के बाद कुछ एक्सपर्ट लोगों से बात हो रही थी। वे लोग अडानी की बात से सहमत लग रहे थे कि हिंडनबर्ग का असली निशाना कहीं और है। अडानी को सिर्फ मोहरा बनाया गया है। असल टारगेट भारत की छवि खराब करना है। मैं हिंडनबर्ग की उस रिपोर्ट से भी बहुत कन्विंस्ड नहीं हो पाया था, लेकिन ये वाली राय भी अतिरेक लग रही थी। अडानी का बोलना समझ आए, लेकिन बाकी लोग जिनका अडानी से कोई लेना-देना नहीं, वे जब देश की बात करें तो मैं सोचू कि एक्सपर्ट लोग भी बहक गए हैं। मैंने मन में सोचा कि धुरंधर लोग भी मूर्ख हो सकते हैं। फिर अभी डेढ़ महीने पहले हिंडनबर्ग ने सेबी की शोकाज नोटिस पर जिस झल्लाहट वाले अंदाज में जवाब दिया, उसने मेरा विचार थोड़ा करेक्ट किया। कल वाली रिपोर्ट को पढ़ने के बाद मैं रात में ही कन्विंस हो गया कि वास्तव में निशाना अडानी कभी था ही नहीं।

अब इस रिपोर्ट की बात करते हैं। हिंडनबर्ग ने इस बार निशाना एक दम वहीं पर लगाया है, जहां वास्तव में घाव करने का प्रयास हो रहा था। भारत की प्रतिष्ठा पर निशाना हुआ है सीधे। सेबी की छवि दुनिया के सबसे साफ मार्केट रेगुलेटर की रही है। भारत का शेयर बाजार जीडीपी से डेढ़ गुना आगे निकला है तो उसका पूरा श्रेय सेबी को है। अब सोचिए कि उस सेबी की इमेज खराब हो जाए तो भारतीय बाजार का क्या होगा? मैं बताता हूं।

चीन का शेयर बाजार (हांगकांग या मेनलैंड शंघाई) भारत से कई गुना बड़ा है। चीन की इकोनॉमी भी भारत से कई गुनी बड़ी है। अभी आर्थिक ताकत में अमेरिका को टक्कर देने की हैसियत हो गई है चीन की। उसके बाद भी चीन का शेयर बाजार इधर लगातार गिर रहा था। कारण कि बड़े विदेशी इन्वेस्टर पैसे निकालने में लगे हुए थे। चीन में डोमेस्टिक फंड स्टेट से लगभग डायरेक्टली कंट्रोल होने के बाद भी विदेशी निवेशकों की सेलिंग को नहीं भर पा रहे थे।

भारत में स्टेट कंट्रोल्ड फंड की हैसियत बाजार को बहुत ज्यादा मूव कराने की नहीं है। हाल-फिलहाल में एक अच्छी बात हुई है कि देसी इन्वेस्टर्स ने अलग ही मोर्चा खोल दिया है। विदेशी निवेशक जितना बेच रहे हैं, उससे ज्यादा देसी लोग खरीद ले रहे हैं। बाजार को इससे बहुत नुकसान हो नहीं रहा। सारा डेमेज कंट्रोल हो जा रहा है। लेकिन हमेशा ऐसा संभव नहीं है। कारण उतना पैसा नहीं निकल पाएगा। अभी हो जा रहा है क्योंकि मार्केट 4-5 ट्रिलियन डॉलर का है। इसे जाना है 20-25 ट्रिलियन डॉलर पर वहां तक जाने के लिए विदेशी फंड चाहिए ही चाहिए और अगर भारत की विश्वसनीयता खराब हो जाती है, तो विदेशी फंड आने में मुश्किलें आएंगी।

ये मेरा कैलकुलेशन है, कोई फैक्ट नहीं, शुद्ध ओपिनियन, अनुमान,हिंडनबर्ग को लेकिन फैक्ट रखना चाहिए था। मैं फेसबुक पर पोस्ट लिख रहा हूं। खबर भी नहीं। नाथन भाई ने इतना माहौल बनाकर और डेढ़ साल से ज्यादा का समय लेकर रिसर्च के नाम पर अनुमान परोस दिया है, यह रिसर्च नाम की चिड़िया की इज्जत के साथ गंभीर खिलवाड़ है। सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी और उनके हसबैंड के नाम पर जिस व्हिसलब्लोअर का बम फोड़ा गया है, वह 2015 का है। व्हिसलब्लोअर के आरोप के अलावा हिंडनबर्ग भाई ने मीडिया रिपोर्ट्स को आधार बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स, जो सूत्रों के हवाले से है। व्हिसलब्लोअर के आरोप साबित हुए? जवाब है नहीं, मीडिया रिपोर्ट्स साबित हुई, जवाब है नहीं। मान लेते हैं कि माधबी बुच सर्वशक्तिमान हैं और सेबी चीफ बनने से पहले भी उनके पास अमेरिकी राष्ट्रपति के बराबर ताकत थी, लेकिन हिंडनबर्ग वाले नाथन भाई तो सोकॉल्ड रॉबिनहुड हैं, उन्हें दशकभर पहले के व्हिसलब्लोअर एलीगेशंस और मीडिया रिपोर्ट्स के पक्ष में रखने के लिए गिनती का एक फैक्ट नहीं मिल पाया है न हैरानी की बात?

इन दो चीजों के अलावा दो और बड़ी भयानक जानकारी निकाली गई है सोकॉल्ड रिसर्च में एक कि माधबी और उनके हसबैंड की नेटवर्थ 10 मिलियन डॉलर है, क्या मजाक है यार! दोनों पति-पत्नी ने उम्र गुजार दीं दिग्गज बैंकों और कंपनियों में टॉप पोजिशन पर काम करते हुए,उसके बाद 10 मिलियन डॉलर का फिगर छोटा है भाई, बहुत छोटा। दूसरा कि सेबी की मेंबर बनने से पहले माधबी ने अपनी होल्डिंग्स (मतलब जहां-जहां पैसे लगा रखे थे) को अपने हसबैंड के नाम ट्रांसफर कर दिया। हिंडनबर्ग इसे खुलासा बता रहा है, जबकि यह बेहद सामान्य प्रक्रिया है। आप पब्लिक सेक्टर में घुसते हैं तो उसके पहले तमाम पद और पोजिशन छोड़ना पड़ता है, ताकि हितों का टकराव नहीं हो तो जो एक दम मामूली प्रक्रिया है और जो करने के लिए नियम कहता है, वह करना गलत कैसे हो गया और उसे गलती बताकर 10 साल बाद किसी घिसी-पिटी रिसर्च का हिस्सा बनाना खुलासा कैसे हो गया? अगर माधबी अपने होल्डिंग्स नहीं हटातीं और सेबी की मेंबर बन जातीं, तब भले गलत होता। उस स्थिति में सवाल जायज लगते।

नाथन भाई इस पूरे मामले में असल खिलाड़ी नहीं हैं। खेल कोई और रहा है। नाथन भाई का सिर्फ कंधा है या फिर नाथन भाई ने शिकार करने का कॉन्ट्रैक्ट (सुपारी कह सकते हैं) लिया है। पिछले साल जनवरी में पहली रिपोर्ट भी टाइम करके आई थी और इस बार भी टाइमिंग कैलकुलेटेड है। डेढ़ साल पहले आई रिपोर्ट में फिर भी मेहनत की गई थी। इस बार तो सनसनी के नाम पर बकैती की गई है।

देश के लिए ये समय सच में बहुत क्रिटिकल आया है। भारत अभी ऐसी स्थिति में है, जहां उसे पटरी से उतारने के लिए सारे तिकड़म भिड़ा दिए जाएंगी। यह काम चीन के साथ भी हुआ था। चीन को लोकतंत्र और लिबरल नहीं होने का फायदा मिल गया था। भारत को बस लोकतंत्र और अंतर्निहित उदारता नुकसान न कराए, यही प्रार्थना रहेगी।

विश्व अंगदान दिवस




विनोद के. शाह

# मृत्यु के बाद भी जीवन का अवसर अंगदान

जनसंख्या में अग्रणी राष्ट्र का अंगदान द्वारा जीवनदान की प्रक्रिया में पिछड़ापन चिंतित करने वाला है। देश का इतिहास उस गौरवशाली परांपरा के जागरण करने को कहता है जब मानव कल्याण के लिए ऋषि दधीचि का अस्थि दान सहित पैंगम्बर पुत्र की कुर्बानी का भी जिक्र है। इन आख्यानो से जनमानस को मृत देह से मोह समाप्त कर इसे दान की प्रक्रिया में शमिल कराना चाहिए। निश्चित इस विषय में सरकारी प्रयासों की कमी के साथ मानवीय संवेदनाओं के प्रति जन-जागरण की कमी भी है। विशाल जनसंख्या वाले राष्ट्र भारत में अंगदान की दर स्पेन जैसे छोटे राष्ट्र की तुलना में बहुत कम है। देश में प्रति वर्ष पांच लाख लोगों के जीवन को बचाने विभिन्न शारीरिक अंगों की आवश्यकता रहती है। लेकिन देश में इस प्रक्रिया से मात्र 52 हजार अंग प्राप्त हो रहे है। देश में प्रति वर्ष पीड़ित मरीजों के जीवनदान के लिए 50 हजार लिवर एंव 50 हजार किडनी की आवश्यकता है।

लेकिन बेमुश्किल 1700 किडनी एवं 700 लिवर उपलब्ध हो पा रहे है। मस्तिक मृत्यु ब्रेन डेड के अतिरिक्त दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के नेत्र,त्वचा के अतिरिक्त कुछ अन्य अंगों का दान संभव होता है। लेकिन इसमें मृत्यु उपरांत अनिवार्य पोस्टमार्टम का प्रावधान मृतक परिवार की इच्छा के बावजूद अंगदान को रोक लेता है। मस्तिक मृत्यु की स्थिति में जहां किडनी, लिवर, हृदय, फेफड, अग्नाशय, नेत्र, त्वचा आदि के दान से लगभग आठ लोगों की जिंदगी रोशन होती है। जबकि सामान्य मृत्यृ की स्थिति में नेत्र,त्वचा आदि का दान मृत्यृ उपरांत चार से छः घन्टे की अवधि में किया जा सकता है। सामाजिक संगठनों के प्रयास एवं शासकीय मशनरी द्वारा संसाधनों एवं डॉक्टरों की त्वरित उपलब्धता एवं इच्छाशक्ति इस जनसंख्या बाहुल्य राष्ट्र को अंगदान की सर्वोच्च ऊंचाई दे सकता है। अभी हालात यह है कि अंगदान में देश यूरोपीय देश की तुलना में पचास पायदान नीचे की स्थिति में है। इंटरनेशनल रजिस्ट्री इन



आर्गन डोनेशन एंड ट्रांसप्लांटेशन की रिपोर्ट मुताबिक अमेरिका में मृत्यु पश्चात अंगदान करने वालों की संख्या प्रति दस लाख पर इक्कतालीस है। जबकि भारत में यही स्थिति 0.04 पर ठहर जाती है। देश में प्रतिवर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते है। जबकि इनमें से सत्तर फीसदी घायल मस्तिक मृत्यु (ब्रेन डेड) का शिकार होते है। जिनके अंगदान की अनुकूलताएं रहती है। देश में पुराने आर्गन डोनेशन एक्ट 1994 में अंगदान सिर्फ उन्हीं अस्पतालों में संभव था, जहां ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध होती थी। लेकिन वर्ष 2011 में कानून में संशोधन के द्वारा इसे उन सभी अस्पतालों के लिए व्यापक किया गया है जिनमें आईसीयू की उपलब्धता है। देश में 600 मेडीकल कॉलेज सहित विभिन्न राज्यों में बीस एम्स के अस्पताल है। मेडीकल कॉलेजों से अंगदान प्राप्त कर राज्यों के एम्स अस्पतालों में टांसप्लांट कराने का देश में कार्यक्रम तय किया जाए तो दान के आंकड़ों में आश्चर्यजनक वृद्धि हो सकती है। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में लगभग 149.5 करोड़ के बजट से राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम तय किया था। राष्ट्रीय अंग एवं उतक प्रत्यारोपण संगठन( नोटो) इस दिशा में कार्यरत है। लेकिन उसके कार्यक्रम मात्र प्रचार के होकर चार दिवारी तक ही सीमित है। मस्तिक मृत्यु की स्थिति में मरीज को अंगदान के लिए मरीज को जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा जाना आवश्यक है। जीवन रक्षक अंगों के दान से पूर्व उनमें ऑक्सीजन की आपूर्ति आवश्यक होती है। लेकिन जीवन रक्षक प्रणाली महंगी होने के साथ उसका खर्च भी दान के घोषणा से पूर्व मरीज के परिजनों से ही वसूला जाता है। जिससे परिजन तुरंत जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की बात करते है। अंगदान की सहमति देने वाले परिजनों के समस्त जीवन रक्षक प्रणाली के खर्च का जिम्मा यदि सरकार अपने कंधों पर ले लेवे तब भी अंगदान में आश्चर्यजनक वृद्धि संभव है। जीवन रक्षक प्रणली पर मस्तिक मृत व्यति के आठ अंगों का दान जीवन एवं मृत्यु से संघर्ष करने वाले आठ व्यक्तियों को जीवनदान दे सकता है। अंगदान के चार घंटे की अवधि में हृदय एवं फेफडे, आठ घंटे में लिवर, बारह घंटे में अग्नाशय एवं चौबीस घंटे की अवधि में किडनी प्रत्यारोपित हो सकती है। लेकिन इसके लिए अंगदान कराने वाले अस्पताल एवं प्रत्यारोपण करने वाले अस्पताल के बीच दूरी तय करने एयर एंबुलेंस या ग्रीन कोरिडर बनाने की आवश्यकता होती है। अंगदान के विषय को व्यापक बनाने इसे स्कूली पाठयक्रम में शामिल करने के साथ अंगदान करने वाले परिवारो को प्रोत्साहन एवं उन्हे शासकीय लाभ की योजनाओं में शामिल करने एवं प्रशासन द्वारा उनका सार्वजनिक सम्मान भी किया जाना चाहिए। शासकीय कार्यालयों,अस्पतालों पर अंगदान को विज्ञापित करने से भी जागरूकता में वृद्धि की जा सकती है। वर्ष 2022 में स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण के आंकड़ों पर गौर करे तो तेलंगाना, कर्नाटक, तामिलनाडू, गुजरात, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश को छोड़ अन्य राज्यों के परिणाम हताशाजनक ही है। गोवा, हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप, मिजोरम, नागालैंड, सिक्कम अभी भी जीवन रक्षक अंगों के दान में शून्य की स्थिति में जबकि दूसरे कुछ राज्य किडनी को छोड़ अन्य जीवन रक्षक अंगदान के लिए संसाधन विकसित करने की रूचि भी नहीं ले पा रहे है। सम्पूर्ण देश में अंगदान के लिए जागरण सहित स्थानीय स्तर पर संसाधन विकसित करने की आवश्यकता है। परिवार की इच्छा पर कम से कम समय में संसाधन की उपलब्धता हो सके सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से राज्य सरकारों के काम करने की आवश्यकता है।

**(लेखक कृषि मामलों के जानकार है)**

पुण्यतिथि आज



डॉ. ममता चंद्रशेखर

# प्रात: स्मरणीय लोकमाता देवी अहिल्याबाई

हिन्दू सनातन धर्म से उपजे संस्कारों की अमिट छाप छोड़ने वाली लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर समूची मानव जाति की प्रेरणा स्त्रोत हैं। सांस्कृतिक कृत्यों को उदार संरक्षण प्रदान करने वाली मां अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व मानव के बाल्यावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक के प्रत्येक आयामों के लिए अनुकरणीय है। वे एक सामान्य परिवार से राजपरिवार की आधारस्तंभ बनीं। उन्हें जीवन की कड़ी धूप में अपने अस्तित्व की स्थापना करने के लिए जुझना पड़ा। जिंदा रहने के लिए कई बार खुद को मारना पड़ा। अंततोगत्वा वे स्वयं को आदर्श शासिका, आदर्श बेटी, बहू, पत्नी और प्रजा की मातोश्री साबित करने में सफल हुईं। पानीपत के तृतीय युद्ध की हार से टूटे मल्हारराव होल्कर का 20 मई 1766 को आलमपुर में देहान्त हो गया। अपने पिता तुल्य ससुर जी की मौत से माता अहिल्या को गहरा सदमा लगा। मल्हारराव अपने खजाने में 16 करोड़ रुपया नकद और एक करोड़ की वार्षिक आय के प्रदेश छोड़ गए थे। यह उस समय की बड़ी रकम थीं। दुख की इस घड़ी में अहिल्याबाई ने हिम्मत से काम लिया। 23 अगस्त, 1766 को अपने एकमात्र पुत्र मालेराव होल्कर का राजतिलक करवा दिया। उसके साथ वे भी राजकार्य में सहयोग करने लगीं। उन्हें लगता था कि एक दिन युवराज मालेराव राजकीय कार्य में खुद दक्ष हो जाएंगे लेकिन भाग्य ने फिर छलावा किया और राजतिलक के मात्र 10 माह बाद ही मालेराव बीमार रहने लगे और 22 वर्ष की अल्पायु में 5 अप्रैल, 1767 को उनका भी निधन हो गया। उनके साथ उनकी दोनों पत्नियां भी सती हो गई। पति खाण्डेराव, सास गौतमाबाई, ससुर मल्हारराव व बेटे मालेराव व अन्य परिजनों की मौत का दर्द असहनीय था। अस्तु, उन्होंने अपने दुख को कम करने के लिए इंदौर छोड़ने का निर्णय लिया। 1967 में ज्योतिषियों और ब्राह्मणों से विचार विमर्श करके नर्मदा नदी के किनारे बसे महेश्वर को अपनी नई राजधानी बना लिया। यह उनकी



सास गौतमाबाई की जागीर थी। भाग्य ने उन्हें पूरी तरह से तोड़ दिया था। वे एकांतवासी हो गई थीं लेकिन जब उन्हें अपने राज्य में फैली अराजकता की खबर मिली तो उन्होंने अपने व्यक्तिगत दुख का बिसरा कर प्रजा हित पर ध्यान दिया। पेशवा के सहमति से 11 दिसंबर 1767 होल्कर राज्य की बागडोर अपने हाथ में ले ली। तुकोजीराव को सैनिक दायित्व देकर वे स्वयं भगवान शिव के नाम पर जनहित में शासन करने लगीं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत धन 'खासगी' का उपयोग भी प्रजा हित व धार्मिक निर्माण कार्य में खर्च करने का निर्णय लिया। उनके दान-पुण्य व निर्माण कार्य से सेनापति तुकोजीराव असहमत थे। उन्हें लगता था कि 'इससे उन्हें सैनिक व्यवस्था के लिए पर्याप्त धन नहीं मिल पाता हैं।' अपने धुन की पक्की अहिल्याबाई वही करती थीं जो उन्हें सही लगता था। अपनी सेना को मजबूत करने के लिए उन्होंने अपनी ननद उदाबाई के साथ मिलकर 500 महिलाओं की एक सैनिक टुकड़ी बनाई थी। उन्हें युद्ध का प्रशिक्षण दिया था। अस्तु, 1766-67 में उन्होंने राघोवा को कूटनीतिक रूप से पराजित किया। 1771 में मंदसौर के युद्ध में रामपुरा-मानपुरा के चन्द्रावत राजपूतों और 1773 में अजमेर के निकट लखेरी का युद्ध में महादजी सिंधिया के सेनापति को पराजित किया। 1787 में चंद्रावतों के विद्रोह को पूरी तरह से कुचल दिया। उनकी वीरता से किस्से पूना में पेशवा के दरबार तक जाने लगे। माता अहिल्याबाई के लिए प्रजाजनों की सुरक्षा व हित सर्वोपरि था। उन्होंने राज्य में शान्ति स्थापित करने वाले युवक यशवंतराव फणके के साथ अपनी बेटी मुक्ताबाई का विवाह सशर्त कर दिया था। 1967 में मुक्ता ने एक पुत्र को जन्म दिया। अपने पोते नैथ्था के जन्म से माता अहिल्याबाई बहुत खुश थी। वे सोचती थीं कि 'अपने राजकीय व्यस्तताओं के कारण वे अपने बेटे मालेराव को समय नहीं दे पाई थीं लेकिन अब वो अपने पोते को समय देकर उसे संस्कारवान बनाएगीं।'

माता अहिल्याबाई की इन खुशियों पर भी ग्रहण लग गया। 21 वर्षीय पोते नथ्था क्षयरोग से ग्रसित होकर 15 दिसम्बर 1787 को मौत के मुंह में समा गया। अपने बेटे के दुख में 3 दिसंबर,1791 उनके एकमात्र दामाद यशवंतराव फणके का भी निधन हो गया। उसके साथ बेटी मुक्ताबाई सती हो गई। 1791 को माता अहिल्याबाई एकदम अकेली हो गई। ऐसे हालात में कोई और स्त्री होती तो टूटकर बिखर जाती लेकिन माता अहिल्याबाई कोई सामान्य स्त्री नहीं थी। अपने जीवन की बहती धारा को ओर जब उन्होंने मुड़कर देखा तो पाया कि 'अभी तक जो कुछ हुआ है। वह सब महादेव की इच्छा से ही हुआ है।' वह सोचने लगीं कि भाग्य ने मुझसे मेरा एक छोटा का परिवार छीनकर, मुझे राज्य रूपी बड़ा परिवार सौंप दिया है। अब सारी प्रजा ही मेरी संतान है। इनकी रक्षा करना मेरा धर्म है। अस्तु, ऐसे विचार आते ही, अपनी सारी हिम्मत जुटाकर कर्मयोगिनी अहिल्याबाई होल्कर फिर खड़ी हो गई। उन्होंने धर्म, अर्थ व कर्म का एक सुन्दर समन्वय इतिहास के समक्ष पेश किया। समूचे भारत में प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर, घाट, कुआं, बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए- सुधरवाए, भूखों को भोजन व प्यासों के लिए पानी दिया। महेश्वर का वस्त्र उद्योग को बढ़ावा दिया। सामाजिक सुधार किया। राज्य किया। अंततः 13 अगस्त 1795 को 70 वर्ष की अवस्था में उन्होंने अपने पुण्यकार्यों में पूर्णविराम लगाकर शिवलोक में प्रवेश किया। आज भी उनका जीवन दर्शन कई लोगों के जीवन को प्रेरित कर रहा हैं। उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व व कृतित्व को शत् -शत् नमन।

**(लेखिका इंदौर में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष हैं)**

जयंती आज



सुरेश सिंह बैस

# शौर्य और पराक्रम की प्रतिमूर्ति वीर दुर्गादास

राजस्थान के जोधपुर में सालवा गांव में 13 अगस्त 1638 को दुर्गादास का जन्म हुआ। उनके पिता आसकरण जोधपुर राजा राजा पवन सिंह के खास सरदारों में से थे। दुर्गादास के पिता ने उन्हें उचित लालन-पालन हेतु शस्त्र एवं शास्त्रों में गहन प्रशिक्षणों की व्यवस्था करवाई थी। कहते हैं न कि पूत के पांव पालने में ही दिखने लगते हैं। ठीक वैसे ही बचपन से ही दुर्गादास के क्रियाकलापों से पता लगने लगा था कि बड़े होने पर वह जरूर महानतम कार्यों को करने के लिए ही पैदा हुआ है। दुर्गादास की स्वामी भक्ति, ओजस्विता एवं शौर्य का सिक्का उस दिन से राजा जसवंत सिंह के मन में जम गया था। आने वाले दिनों में वे अपने स्वामी की अपेक्षाओं की कसौटी पर पूर्णतया खरे भी उतरे। दुर्गादास के समय राजनैतिक उठापटक और कुटिल चालबाजियों का चरम था। फलतः युद्ध मारकाट भी यदाकदा हो रहे थे। सत्ता प्राप्ति के लिए नित नए षड्यंत्र किए जा रहे थे। उधर मुगल सल्तनत इन सभी बातों की जानकारी लेकर येनकेन प्रकारेण साजिशों के द्वारा यहां के राज्य को हासिल करने के लिए अपनी बिसातें बिछा रही थी। मुगल सल्तनत के अंदर भी सत्ता हासिल करने के लिए साजिशों का दौर जारी था और अंततः एक दिन औरंगजेब ने मुगल सत्ता के अन्य दावेदार दारा पर हमला भी कर दिया। राजा जसवंत सिंह और दुर्गादास ने इस लड़ाई में दारा का साथ दिया। लड़ाई में दारा की हार हो गई पर औरंगजेब की पारखी आंखों ने जसवंत एवं दुर्गादास की वीरता को पहचान



लिया था। सामगढ़ की लड़ाई जीतने के बाद औरंगजेब ने दिल्ली की बागडोर सम्भाली और जसवंत सिंह का उपयोग अपनी विजय यात्राओं की बागडोर सम्भालने के लिए किया। सुदूर काबुल-कंधार तक ही इन सैन्य यात्राओं में दुर्गादास जसवंत सिंह के दाहिने हाथ बनकर साथ रहते थे। दुर्गादास के सभी ताने- बाने परंपरागत भारतीय आदर्शों से बुने थे। उन्होंने अपनी मैत्री प्राणपण से निभाई। बादशाह से मिलती लगातार धमकियों और अनुरोधों को ठुकराते हुए युद्ध में उन्होंने अपने राजा को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर ही दम लिया। वे अपनी मातृभूमि की आजादी छीने जाने के पश्चात जीवन का मोह छोड़कर मरुभूमि की आजादी की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ रहे थे। अपने भूमि की स्वतंत्रता ही उनका एकमात्र मकसद था। अंततः काफी कुर्बानियों एवं जद्दोजहद के बाद 12 मार्च 1770 ई. को जोधपुर किले पर स्वराज का निशान पंचरंगा लहराया और राजा अजीत की ताजपोशी के साथ ही दुर्गादास का उद्देश्य पूरा हुआ था।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

# भारतवर्ष अभिमान अहिल्या

भारत का गौरव गान अहिल्या,
मालवा का सम्मान अहिल्या ।
धर्म-आचरण स्वाभिमान अहिल्या,
जनमन का मंगल गान अहिल्या ।।1।।
नैतिकता, सद्व्यवहार अहिल्या,
दान-पुण्य और परमार्थ अहिल्या,
जनता उनकी संतान अहिल्या,
प्रजा कहती भगवान अहिल्या ।।2।।
प्रकृति प्रेम का नाद अहिल्या,
मार्ग में वृक्ष लगाए अहिल्या,
पशु पालन, रोजगार अहिल्या
जलाशय, मंदिर निर्माण अहिल्या, ।।3।।
सुख समृद्धि, व्यापार अहिल्या,
करती जगत में न्याय अहिल्या
वर्षों बरस रहा राज अहिल्या,
आओ सुन लो गान अहिल्या ।।4।।



जीवन में उच्च विचार अहिल्या,
करती लोक व्यवहार अहिल्या,
नर्मदा सा निर्मल ज्ञान अहिल्या,
भारत वर्ष अभिमान अहिल्या ।।5।।



**निखिलेश महेश्वरी, (कवि, विद्याभारती मध्य भारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री हैं)**

## सार संक्षेप

### पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल की सराहना की

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के पेरिस में आयोजित ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारतीय एथलीटों को नायक बताते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि पेरिस ओलंपिक के समापन पर, मैं खेलों के माध्यम से पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करता हूं। सभी एथलीटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। हमारे खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि भारतीय दल ने पेरिस ओलंपिक खेलों में एक रजत एवं पांच कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते।

### जसप्रीत का जूनियर एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

**भोपाल** : मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित बॉक्सिंग बोर्डिंग अकादमी के खिलाड़ी जसप्रीत का जूनियर एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल ने सोमवार को बताया कि जसप्रीत का चयन 63 किलोग्राम वर्ग में हुआ है। जसप्रीत दुबई में 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाली जूनियर एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 10 सितंबर तक चलेगी। रोशनलाल के अनुसार चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए रोहतक (हरियाणा) में सात से 11 अगस्त तक 'ट्रायल' आयोजित किया गया था। इसी में प्रदर्शन के आधार पर जसप्रीत का चयन किया गया है। राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से यहां टीटीनगर स्टेडियम में बॉक्सिंग बोर्डिंग अकादमी संचालित की जाती है।

### दिग्गज क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने आत्महत्या की : अमांडा

लंदन : लंबे समय से अवसाद और चिंता से जूझ इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने आत्महत्या की थी। यह जानकारी थोर्प के परिवार ने एक साक्षात्कार में साझा की है। ग्राहम थोर्प की पत्नी अमांडा ने माइकल एथरटन को द टाइम्स से बातचीत में बताया है कि वो लंबे समय से डिप्रेशन से जूझ रहे थे और अवसाद के कारण उन्होंने आत्महत्या की थी। उन्होंने बताया कि वह अफगानिस्तान के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे। लेकिन मई 2022 में अपनी जान लेने के पिछले प्रयास के बाद उन्हें अस्पताल में रखा गया था। थार्प की तबीयत में सुधार हो रहा था। लेकिन, बीच-बीच में वो गहरे अवसाद में भी चले जा रहे थे। हमने एक परिवार के रूप में उनका समर्थन किया और इलाज का पूरा प्रयास। लेकिन दुर्भाग्य से उनमें से कोई भी वास्तव में काम नहीं कर रहा था। उन्हें वास्तव लगता था कि उनके बिना हम बेहतर रहेंगे और हम इस बात से बहुत दुखी हैं कि उन्होंने इस पर काम किया और अपनी जान ले ली। ग्राहम सबसे बड़ी बेटी किट्टी ने कहा कि हमें इसके बारे में बात करने में कोई शर्म नहीं। इसमें छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है और यह कोई कलंक नहीं। अब समय आ गया है कि हम यह खबर साझा करें, चाहे यह कितनी भी भयानक क्यों न हो। वो जीवन से प्यार करते थे और हमसे भी प्यार करते थे। लेकिन उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था। वह पहले जैसा व्यक्ति नहीं रहे थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज थोर्प ने इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट मैच और 82 एकदिवसीय खेले थे और नौ हजार से अधिक रन बनाए थे। इसमें 16 टेस्ट शतक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 55 वर्षीय ग्राहम थोर्प के पांच अगस्त को निधन होने की जानकारी दी थी। तब ये पता नहीं चल सका था कि उनकी मौत किस वजह से हुई है।

### विद्युत जामवाल ने नेशनल मार्शल आट्र्स के प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित

**नई दिल्ली** : अभिनेता विद्युत जामवाल ने नेशनल मार्शल आट्र्स चैंपियनशिप के समापन समारोह में 16 राज्यों से आये एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने प्रोत्साहित किया। तालकटोरा स्टेडियम में यूनाइटेड वर्ल्ड मार्शल आट्र्स फेडरेशन (यूडब्ल्यूएमएएफ) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल मार्शल आट्र्स चैंपियनशिप 2024 के सोमवार को हुए समापन समारोह में ताइक्वांडो की वेशभूषा में पहुंचे अभिनेता विद्युत जामवाल ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। तीन दिनों तक चली इस चैंपियनशिप में कराटे, ताइक्वांडो, गटका, लाठी खेल और जूडो प्रतियोगिता में 16 राज्यों के एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में 240 से अधिक श्रेणियों में सात विभिन्न विधाओं की प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ, जिनमें कराटे, ताइक्वांडो, गटका, लाठी खेल, और जूडो शामिल थे। इस कार्यक्रम ने भारत की समृद्ध मार्शल आट्र्स परंपरा को भी प्रदर्शित किया, जिसमें तमिलनाडु की सिलंबम और पंजाब की गटका जैसी पारंपरिक विधाओं को प्रमुखता से पेश किया गया। नेशनल मार्शल आट्र्स चैंपियनशिप 2024 ने न केवल असाधारण प्रतिभाओं को सामने लाया बल्कि भविष्य के मार्शल आर्टिस्टों को प्रेरित करने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया। इस आयोजन ने भारतीय मार्शल आट्र्स की विविधता और समृद्ध परंपरा को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया, जो खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

### ओडिशा नवल टाटा ने जीता हॉकी इंडिया जूनियर महिला चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली** : ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस सेंटर ने सोमवार को फाइनल मुकाबले में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को पेनल्टी शूटआउट में हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता। वहीं पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास पंजाब ने सेल हॉकी अकादमी को 4-1 तथा नामधारी एकादश ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 6-1 से हराया। यहां खेले गए फाइनल ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस केन्द्र और राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी का मुकाबला निर्धारित समय पर 2-2 की बराबरी पर छूटा। उसके बाद हुये पेनल्टी शूटआउट में ओडिशा ने पंजाब को हराकर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस सेंटर के लिए प्रभजोत कौर ने (34वें मिनट) और सुरेखा बहाला ने (54वें मिनट) ने गोल किए, जबकि राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी की ओर से रूबी ने (14वें मिनट) और रिबका ने (45वें मिनट) ने गोल दागे। शूटआउट में चेतना रानी दास ने दो गोल किए, प्रभजोत कौर, अनंदिता टोप्पो और पटेल प्रज्ञा ने भी एक-एक गोल किए। वहीं राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के लिए नमनीत कौर और नेहा ने गोल दागे। महिला वर्ग में तीसरे/चौथे स्थान के लिए हुए मुकाबले में घुमनहेड़ा राइजर्स अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 5-1 से हराया।

# वजन की मैनेजमेंट खिलाड़ी-कोच की जिम्मेदारी : उषा



● नई दिल्ली,

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने विनेश फोगाट ओवरवेट मामले में बयान दिया। उन्होंने कहा कि वजन का मैनेजमेंट करने की जिम्मेदारी खिलाड़ी और उसके कोच की होती है। इसके लिए मेडिकल टीम को दोषी ठहराना ठीक नहीं है। खासकर कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में।

पीटी उषा ने आगे कहा कि आईओए मेडिकल टीम, खास तौर पर डॉ. पारदीवाला के प्रति जो नफरत भरी टिप्पणियां की जा रही हैं, वह अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आईओए मेडिकल टीम पर आरोप लगाने वाले लोग किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों पर विचार करेंगे। आईओए द्वारा नियुक्त चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम मुख्य रूप से एथलीटों के इवेंट दौरान और बाद में उनकी रिकवरी और इंजरी मैनेजमेंट में

**बोलीं : मेडिकल टीम दोषी नहीं, विनेश 100 ग्राम ओवरवेट की वजह से हुई थीं डिस्क्वालिफाई, मेडल पर फैसला आज**

सहायता कर रही थी। इस टीम को उन एथलीटों की सहायता के लिए भी बनाया गया था, जिनके पास न्यूट्रिशनिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट की अपनी टीम नहीं थी। 50 कियोग्राम वर्ग कुश्ती के फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरुआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 किग्रा वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थीं। ऐसे में विनेश ने जॉइंट सिल्वर मेडल की मांग की है। इस मामले में आईओए द्वारा नियुक्त मेडिकल टीम पर भी सवाल उठ रहे थे। विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल पर फैसला अब 13 अगस्त को आएगा। यह जानकारी शनिवार को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) ने दी थी। शुरुआती जानकारी में 11 अगस्त को फैसला सुनाने की बात सामने आई थी, लेकिन इसे अब फिर 13 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया। 9 अगस्त को सीएएस ने 3 घंटे तक इस मामले की सुनवाई की थी। इस दौरान विनेश भी वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा। वहीं विनेश के मामले में इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने 'क्या एक भार वर्ग में दो सिल्वर दिए जा सकते हैं?' इस सवा पर कहा कि 'नहीं, यदि आप सामान्य रूप से एक वर्ग में दो सिल्वर मेडय दिए जाने के बारे में पूछ रहे हैं। मुझे लगता है कि इंटरनेशनल फेडरेशन के नियम का पालन किया जाना चाहिए। वेट कट का फैसला यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग का था। यदि हम 100 ग्राम के साथ अनुमति देते हैं तो 102 ग्राम के साथ क्यों नहीं देंगे। अब यह मामला कोर्ट में है। अब हम सीएएस के निर्णय का पालन करेंगे।

# दलीप ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे रोहित-कोहली

## पांच सितंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट, आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह भी नहीं होंगे शामिल



**चोट से उबर रहे मोहम्मद शमी के भी दलीप ट्रॉफी में खलने की संभावना**

**बेंगलुरु,** रोहित शर्मा, विराट कोहली, आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह पांच सितंबर से शुरु होने वाली दलीप ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे। इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन इस महीने के आखिर में होगा।

इस टूर्नामेंट में केएल राहुल और ऋषभ पंत भी हिस्सा ले सकते हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, सूर्यकुमार यादव और रजत पाटीदार भी चार टीमों के इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। दलीप ट्रॉफी में भारत ए, भारत बी, भारत सी और भारत डी नाम की चार टीमें हिस्सा लेंगी। चोट से उबर रहे मोहम्मद शमी के भी इस टूर्नामेंट में खलने की संभावना है। लेकिन इससे पहले उन्हें फिटनेस साबित करने को कहा जा सकता है। वह फिलहाल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) बेंगलुरु में हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पांच सितंबर को इस टूर्नामेंट के दो मैच खेले जाएंगे, जिसमें एक मैच अनंतपुर से बेंगलुरु जा सकता है। कर्नाटका क्रिकेट एसोसिएशन ने अनौपचारिक रूप से इन मैचों को कराने के लिए स्वीकृति दे दी है। इस बार पूर्व कोच राहुल द्रविड़,



एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर और बीसीसीआई के महाप्रबंधक एबे कुरूविला की कमेटी की सलाह पर दलीप ट्रॉफी की संरचना को बदला गया है। चार टीमों के इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक टीम को राउंड रॉबिन के आधार पर तीन मैच खेलने हैं। अंकों के आधार पर शीर्ष टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत को अगले पांच महीने में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं, इसलिए सीनियर खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट से आराम दिया जाएगा। इस सीजन पहला टेस्ट भारत, बांग्लादेश के साथ 19 सितंबर को चेन्नई में खेलेगा।

# अनुभवी मुश्फिकुर-तस्कीन बांग्लादेश की टेस्ट टीम में

● ढाका,

**पाकिस्तान** दौरे के लिए अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम और तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम में जगह दी है।

तस्कीन इस सीरीज में भी केवल 30 अगस्त को कराची में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। हालांकि इससे पहले वह 20 अगस्त से शुरू हो रहे दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा होंगे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश ए की टीम भी पाकिस्तान दौरे पर है। इस टेस्ट टीम के छह सदस्य बांग्लादेश ए दल का भी हिस्सा हैं और शनिवार को पाकिस्तान पहुंच चुके हैं। 13 अगस्त से शुरू होने वाले पहले चार-दिवसीय मैच में मुश्फिकुर और मोमिनुल हक भी खेलेंगे। अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। शाकिब ने पिछले महीने ही खुद को चयन के लिए उपलब्ध बताया था। इस टीम में मुश्फिकुर, मोमिनुल और शाकिब जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनके पास कुल 216 टेस्ट मैचों का



अनुभव है। तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज स्पिन विभाग की अगुवाई करेंगे। पाकिस्तान दौरे के लिए बांग्लादेश की 16 सदस्यी टेस्ट टीम इस प्रकार हैः- नजमुल हसन शांतो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, शोरिफुल हसन, हसन महमदू, खालिद अहमद और तस्कीन अहमद।

# नीरज को मनु की मां ने दी कसम

**कहा-बेटा आप मेरी बेटी की तरह गेम छोड़ने की मत सोचना, आपमें अभी बहुत गेम बाकी है**

● नई दिल्ली,

**पेरिस** ओलंपिक 2024 में भारत ने कुल 6 मेडल जीते, जिसमें पहला पदक भारत को महिला शूटर मनु भाकर ने दिललाया। मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता और फिर मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ दूसरा ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया, जबकि नीरज चोपड़ा ने भारत को 1 सिल्वर मेडल दिलाया। उन्होंने जेवलिन थ्रो के इवेंट में ये मेडल अपने नाम किया।

अब पेरिस ओलंपिक का समापन हो चुका है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें मनु भाकर की मां नीरज चोपड़ा से बातचीत करती हुई दिख रही हैं। मनु की मां ने नीरज



चोपड़ा से कह कि बेटा आप मेरी बेटी की तरह गेम छोड़ने की मत सोचना, आपमें अभी बहुत खेल बाकी है। क्योंकि मनु की मां ने खुलासा किया था कि टोक्यो ओलंपिक के बाद मनु ने निशानेबाजी छोड़ने का फैसला कर लिया था तब मनु के माता-पिता ने उसे बहुत समझाया और फिर उसने निशानेबाजी जारी रखने का फैसला किया और उसका नतीजा ये है कि उसने पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीते है। दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला शूटर मनु भाकर की मां सुमेधा भाकर जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा से खास मुलाकात करती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान वह नीरज का हाथ अपने सिर पर भी रखवाती है। इससे ये कयास लगाया जा रहा है कि वह नीरज को कुछ कसम खिला रही हैं। हालांकि, दोनों क्या बात कर रहे हैं वह वीडियो में सुनाई नहीं दे रहा है, लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होते ही फैंस एक से बढ़कर एक रिएक्शंस दे रहे हैं।

# वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट मैच ड्रॉ कराया

## ऐथनेज की (92) रनों की पारी की बदौलत विंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर बनाए 201 रन

● पोर्ट ऑफ स्पेन,

**ऐलेक** ऐथनेज की (92) रनों की जुझारु पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 201 रन बनाकर दक्षिण के साथ खेले गये पहले टेस्ट मैच को ड्रा करा दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें दिन दूसरी पारी को तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और एक समय उसने 64 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए थे। ऐसा लग रहा था दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज केशव महाराज वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को जल्द ही समेट देंगे। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट(00), मिकाइल लुईस (09) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे संकट के समय ऐलेक ऐथनेज ने पहले केसी कार्टी के साथ मिलकर चौथे विकेट लिए 63 रनों की साझेदारी की। केसी कार्टी (31) और उसके बाद केवम हॉज



(29) रन बनाकर आउट हुए। ऐलेक ऐथनेज ने 92 रनों की जुझारू पारी खेली। जेसन होल्डर (31) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 56.2 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने चार विकेट लिए। कगिसो रबाडा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। टोनी डीजॉर्जी 45 रन एवं एडन मारक्रम 38 रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही बल्लेबाजों को जोमेल वारिकन ने आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। स्टब्स के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर दी। और वेस्टइंडीज को पहली पारी की 124 रनों की बढ़त और दूसरी के 173 रनों के आधार पर जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने दो विकेट लिए। वहीं केमार रोच ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में 233 रन पर समेट दिया था। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी के आधार पर 124 रनों की बढ़त मिली गई थी। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट और मिकाइल लुईस ने पारी की अच्छी शुरुआत की थी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। लेकिन दक्षिण अफ्रीकी बेहतरीन गेंदबाजी के आगे वेस्टइंडीज का कोई भी बल्लेबाज पिच पर अधिक तक नहीं टिक सका। मिकाइल लुईस (35), क्रेग ब्रैथवेट (35), जेसन होल्डर (36), केवम हॉज (25) रन बनाकर आउट हुये। केसी कार्टी ने टीम के सर्वाधिक (42) रनों की पारी खेली। जोमेल वारिकन (35) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने चार विकेट लिए। कगिसो रबाडा को तीन विकेट मिले। लुंगी एंगिडी और एडन मारक्रम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान तेम्बा बवूता (86), टोनी डीजॉर्जी के (78) अर्धशतकों और काइल वेरेन के 39 रन एवं वियान मुल्डर के नाबाद 41 रनों की उपयोगी पारियों की बदौलत 357 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर गेंदबाजी करते हुए जोमेल वारिकन ने सबसे ज्यादा चार विकेट हासिल किए जबकि जेडेन सील्स ने तीन, केमार रोच ने दो तथा जेसन होल्डर ने एक विकेट लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)